फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 256 प्रभात जयपुर, बुधवार 19 अप्रेल , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Gandhi - yes, Gandhi! Superannuated Gandhi, old rascal Gandhi

The lull in the violence these past few days was most irritating. He simply couldn't take it anymore. He had tasted blood.

Of Rare and Exquisite objects — Exhibit of exquisite items of beauty & adornment

वर्ष 1899 के आसपास एडगर डिगैस ने पेंटिंग्स की जो श्रृंखला तैयार की थी उनमें रुसी साम्राज्य की लोक नर्तकियों को दर्शाया गया था। हालांकि यह विख्यात फ्रांसीसी कलाकार पेरिस की सुंदर, अनुशासित बैले नर्तकियों की पेंटिंग्स बनाने के लिए विख्यात था, लेकिन, लोक नृत्य के क्षेत्र में आने से उसे शोख रंगों व ऊर्जा से भरपूर मुद्राओं के साथ प्रयोग करने का अवसर मिला। गत माह तक, न्यूयॉर्क सिटी के मैट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ आर्ट ने इस श्रृंखला की अपनी पेंटिंग को ''रशियन डांसर्स'' नाम दिया हुआ था, जबकि, पेंटिंग में दिखाई गई नृत्यांगनाएं संभवतया यूक्रेन की थीं, जो उस समय रुसी साम्राज्य का हिस्सा था। अब कला जगत के दबाव में म्यूज़ियम ने अधिकृत रुप से इस कलाकृति का नाम बदलकर ''डांसर्स इन यूक्रेनियन ड्रैस'' कर दिया है। यह म्यूज़ियम लंदन की नैशनल गैलरी का अनुसरण कर रहा है, जिसने गत वर्ष रुसी डांसर्स श्रृंखला की अपनी पेंटिंग का नाम बदलकर ''यूक्रेनियन डांसर्स'' कर दिया था। मैट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ने कई अन्य चित्रकारों को रुसी के स्थान पर यूक्रेनियन कलाकार के रुप में पुनः पहचान दी है। ये कलाकार अब अपने यूक्रेनियन नाम से अधिसूचित हैं और उनका रुसी नाम ब्रैकेट में दिया हुआ है। म्यूज़ियम का यह कदम यूक्रेन के कला समुदाय की जीत है, जो इन परिवर्तनों के लिए जोर दे रहा था। लंदन में यूक्रेनियन इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर ओलेस्या क्रोमेचुक ने कहा, ''पुतिन के पास विश्व की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक है पर संस्कृति और इतिहास, उसके जखीरे के प्रमुख हथियार हैं।'' कीव की एक कला इतिहासकार, ओक्साना सैमनिक अन्य म्यूज़ियम्स को भी पत्र लिखकर इस बदलाव के लिए आग्रह कर रही हैं। उन्होंने जनवरी में ब्रुकलिन म्यूज़ियम को पत्र लिखा कि, ''यूक्रेन रुस के साम्राज्य का अंग नहीं है। रुस ने सदियों पहले इस पर कब्जा किया था''। इस तरह का पुनः वर्गीकरण हालांकि आसान नहीं है। उदाहरण के लिए 19 वीं सदी के सीस्केप पेंटर इवान एवाज़ोव्स्की को ही लीजिए, वे क्रीमिया में एक आर्मेनियाई परिवार में जन्मे थे। जब मैट्रोपोलिटन म्यूज़ियम ने उन्हें यूक्रेनियन कलाकार बताया तो आर्मेनिया के लोगों ने विरोध किया। म्यूज़ियम ने अब इवान के नाम के साथ लिखा है, ''क्रीमिया में ब्लैक सी के बंदरगाह शहर फिओडोशा के आर्मेनियाई परिवार में जन्मे कलाकार''।

शरद पवार केवल खेल खिला रहे हैं भाजपा को, या गठबंधन की बात में दम है?

एक खबर तो यह है कि, अजित पवार, अमित शाह से मिले तथा प्रस्ताव दिया कि, वे शरद पवार की पार्टी का विभाजन करा कर भाजपा से गठबंधन कर महाराष्ट्र का मु.मंत्री बनना चाहते हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 अप्रैल। मराठा दिग्गज एवं नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) नेता शरद पवार क्या भाजपा के साथ खेल खेल रहे हैं या भाजपा के साथ गठजोड़ करने की यह वास्तव में कोई गंभीर चाल है?

ऐसी खबरें आती रही हैं कि अजित पवार भाजपा नेतृत्व के सम्पर्क में हैं और बातया जाता है कि उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर काम करने और महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के एक ऑफर के साथ अमित शाह से मुलाकात की है। बताया जाता है कि प्रफुल्ल पटेल भी उनके साथ गए थे। याद रहे कि प्रफुल्ल पटेल शरद पवार की अनुमति के बिना अंगुली भी नहीं हिलाते हैं।

सूत्र कहते हैं कि शरद पवार भाजपा के साथ खेल खेल रहे हैं और इसके साथ ही वे लोकसभा सीटों का एक बड़ा शेयर प्राप्त करने के मद्देनज़र भाजपा के साथ अपने तालमेल की धमकी देकर उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के साथ सौदेबाजी भी कर रहे हैं।

चूंकि उद्धव ठाकरे को अपनी सरकार के पतन के बाद जनता की सिम्पैथी प्राप्त हुई है, अतः भाजपा द्वारा कराए गए एक आंतरिक सर्वे में महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीटों में से सेना-एन.सी.पी.-कांग्रेस गठबंधन को 33 से अधिक सीटें दी गई हैं।

- **लगता है, इस बातचीत को शरद पवार का आशीर्वाद प्राप्त है, क्योंकि अमित शाह से मुलाकात के समय अजीत पवार के साथ प्रफुल्ल पटेल भी थे तथा यह सर्व विदित है शरद पवार की इजाज़त बिना प्रफुल्ल पटेल, अपनी ऊंगली भी नहीं हिलाते।**
- **पर, समानान्तर चर्चा यह भी है कि, शरद पवार, उद्धव ठाकरे व कांग्रेस से सौदेबाजी कर रहे हैं, गठबंधन की सीटों में ज्यादा सीटें पाने के लिये।**
- **जैसा कि विदित ही है, सर्वे के अनुसार सेना-एन.सी.पी.-कांग्रेस गठबंधन को महाराष्ट्र की कुल 48 सीटों में तैंतीस सीटें मिलने की आशा है।**
- **पर, पवार भाजपा को लोकसभा चुनाव तक लटका कर रखना चाहते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि, चुनाव के बाद भाजपा को अन्य पार्टियों की मदद की आवश्यकता होगी, सरकार बनाने के लिये और पवार अपनी कीमत वसूल कर अपनी मदद का ऑफर दे सकते हैं। वैसे भी ई.डी., सी.बी.आई. से साथियों व मित्रों को भी बचाना चाहते हैं, पवार और इसमें भाजपा की आवश्कता होगी।**

सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का खेल खत्म हो गया है। या तो अदालत के फैसले के जरिये या फिर केन्द्र द्वारा राज्य सरकार बर्खास्त की जा सकती है, जैसा कुछ लोगों का कहना है।

ऐसी संभावना है कि शरद पवार भाजपा को लोकसभा चुनावों के बाद तक लटकाये रखें। पवार का आंकलन है कि भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलेगा तथा उस स्थिति में से सरकार बनाने के लिये सहयोगी दलों की जरूरत होगी। पवार की योजना है कि उस समय सरकार में शामिल हो जायें तथा बड़ी कार्यवाही करने में भाजपा की मदद करें। इस बीच, पवार के सहयोगियों के खिलाफ सी.बी.आई., ई.डी. तथा कुछ अन्य केस हैं तथा उन्हें फिक्सिंग की जरूरत है। शरद पवार के कुछ व्यावसायिक-पार्टनर भी जेलों में हैं।

परम चतुर पवार भाजपा के साथ अपने स्तर पर एक खेल खेल रहे हैं तथा यह खेल चुनावों के नज़दीक आते-आते और ज्यादा रोचक हो जायेगा।

रीट परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण में आर.पी.एस.सी. का सदस्य बाबूलाल कटारा गिरफ्तार

एस.ओ.जी. ने कटारा के अलावा उसके भांजे विजय डामोर और आयोग के ही एक ड्राइवर गोपाल सिंह को भी हिरासत में लिया गया है

अजमेर, 18 अप्रेल (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा गत 24 दिसम्बर को आयोजित की गई वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2022 का सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में मंगलवार को एसओजी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आयोग के सदस्य डामोर और आयोग के ड्राईवर गोपाल सिंह को अजमेर से गिरफ्तार किया है। एसओजी तीनों आरोपियों से जयपुर में पूछताछ कर रही है। आयोग के सदस्य बाबूलाल कटारा पर पूर्व में गिरफ्तार किए गए शेर सिंह को पेपर देने का आरोप है। इसमें बाबूलाल कटारा के ड्राईवर गोपाल सिंह और भांजे विजय डामोर की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

- **इस गिरफ्तारी से राजस्थान लोक सेवा आयोग में हड़कम्प मच गया है।**
- **अजमेर उत्तर के भाजपा विधायक वासुदेव देवनानी ने आयोग के अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय से इस्तीफा मांगा और कहा कि, श्रोत्रिय की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।**

पेपर लीक मामले में पूर्व में गिरफ्तार शेर सिंह मीणा ने पूछताछ में बताया था कि ग्रेड सैकेंड भर्ती परीक्षा की तैयारियों के समय कटारा से लगातार संपर्क में रहा। इस दौरान वह भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने का प्रयास कर रहा था। जैसे ही उस भर्ती परीक्षा का पेपर आते ही उसने पेपर करीब एक करोड़ रुपए में भूपेंद्र सारण को बेच दिया था। इसके बाद भूपेंद्र सारण ने पेपर सुरेश ढाका को बेच दिया। सुरेश ढाका ने पेपर अपने साले सुरेश विश्नोई को दिया था। सुरेश विश्नोई ने वह पेपर अभ्यर्थियों को बेचा था।

वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2022 का सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र 24 दिसम्बर 2022 को उदयपुर के बकेरिया थाना क्षेत्र में लीक हुआ था। उस समय एक बस में परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र हल करवाया जा रहा है। उदयपुर पुलिस व एसओजी ने बस से करीब 50 अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया था।

अजमेर उत्तर से भाजपा विधायक वासुदेव देवनानी ने इस गिरफ्तारी पर कहा कि राजस्थान लोक सेवा आयोग

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

अधिसूचना के बिना ही जस्टिस सबीना रिटायर

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 अप्रेल। जस्टिस सबीना हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस के रूप में 19 अप्रेल को पद त्याग रही हैं। हालांकि केन्द्र सरकार से इसकी अधिसूचना नहीं आई है। जस्टिस सबीना को सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम की सिफारिश पर हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त कर दिया गया था, लेकिन उनकी यह नियुक्ति तब खटाई में पड़ गई, जब इसी

- **हिमाचल हाई कोर्ट की कार्यवाहक चीफ जस्टिस सबीना 19 अप्रैल को रिटायर हो रही हैं, पर सरकार से इसकी अधिसूचना नहीं आई है, हालांकि उनकी जगह नए कार्यवाहक चीफ जस्टिस के पद पर तरलोक सिंह चौहान की नियुक्ति कर दी गई है।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'बेटे विजय से कोई संबंध नहीं, वह अलग रहता है'

पेपर लीक केस में गिरफ्तार विजय डामोर के पिता ने बेटे के साथ संबंध से इन्कार किया

डूंगरपुर, 18 अप्रेल (निसं)। आरपीएससी पेपर लीक मामले में मंगलवार को गिरफ्तार हुए आर.पी.एस.सी. सदस्य बाबूलाल कटारा और उसका भांजा विजय डामोर डूंगरपुर के रहने वाले हैं। विजय के पिता ललित डामोर पुलिस हैड कांस्टेबल हैं जो कि पुलिस लाइन में चालानी गार्ड के पद पर तैनात हैं। बेटे की गिरफ़्तारी का पता उन्हें उनके साथी पुलिसकर्मियों से चला। आरोपी विजय के पिता ने कहा कि बेटे से उनका कोई संबंध नहीं है। वे उनसे अलग रहते हैं।

आर.पी.एस.सी. पेपर लीक मामले में शेरसिंह मीणा से पूछताछ में पता चला था कि पेपर आर.पी.एस.सी. सदस्य डूंगरपुर निवासी बाबूलाल कटारा से मिला था। इसके बाद स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.पी.) बाबूलाल कटारा को अजमेर से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मामले में एसओजी ने बाबूलाल कटारा के भांजे विजय डामोर को डूंगरपुर जिले के वागदरी से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही कटारा के ड्राइवर गोपाल सिंह को भी गिरफ्तार किया है। आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा का भांजा विजय डामोर एम.ए.बी.एड. है और कई प्रतियोगी परीक्षाएं दे चुका है। विजय ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा भी दी थी, जिसमे लिखित परीक्षा में वो पास भी हो गया था, लेकिन शारीरिक परीक्षा में असफल रहा था। हालाकि विजय शिक्षक भर्ती परीक्षा में बैठा था या नहीं इस बारे में परिवार के लोग भी नहीं बता पा रहे हैं।

- **विजय डामोर के पिता ललित डामोर पुलिस में हैल्थ कॉंस्टेबल हैं और डूंगरपुर पुलिस लाइन में चालानी गार्ड हैं।**
- **विजय डामोर एम.ए., बी.एड. है तथा कई प्रतियोगी परीक्षाएं दे चुका है पर शिक्षक भर्ती परीक्षा में बैठा था या नहीं यह जानकारी नहीं है।**

विजय डामोर के पिता ललित डामोर को बेटे की गिरफ्तारी का सूचना भी कोर्ट में चालानी मुलजिमों को कोर्ट में पेश करते समय उनके साथी पुलिसकर्मियों ने दी। विजय के पिता बेटे की इस हरकत से अचंभित थे। वहीं वागदरी में विजय का पक्का घर बना हुआ है। जिसे सालभर पहले ही बनाया है। घर के आंगन में शादी का मंडप सजा हुआ था। 2 महीने पहले ही 22 फरवरी को विजय की शादी हुई थी।

हैड कांस्टेबल ललित डामोर ने बताया कि 2 महीने पहले बेटे की शादी हुई थी, शादी के बाद से वह उनके सम्पर्क में नहीं है और डेढ़ महीने से वह

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

ए.बी.वी.पी. के नेताओं की गिरफ्तारी पर रोक

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 18 अप्रेल। मुख्यमंत्री को राजस्थान यूनिवर्सिटी में काले झंडे दिखाने के प्रकरण में मंगलवार को राजस्थान उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) की विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष भारत भूषण यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई है। यह आदेश

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने राजस्थान युनिवर्सिटी में मुख्यमंत्री गहलोत को काले झंडे दिखाने के मामले में ए.बी. वी. पी. की विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष भारत भूषण यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए गिरफ्तारी पर रोक लगा दी।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'मंत्री चोटी से पांव के अंगूठे तक भ्रष्टाचार में डूबे'

कांग्रेस विधायक रामनारायण मीणा ने यह भी कहा कि, इनको नहीं हटाना मुख्यमंत्री की कमजोरी या मजबूरी, लेकिन यह हमारे लिए माइनस पॉइंट

जयपुर, 18 अप्रेल (का.प्र.)। कांग्रेस के संवाद कार्यक्रम में दूसरे दिन भी भ्रष्टाचार का मुद्दा छाया रहा। कोटा से पीपल्दा से पार्टी के वरिष्ठ विधायक रामनारायण मीणा ने तो सीधे-सीधे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंत्रिमंडल पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि जनता कांग्रेस को वोट देना चाहती है, लेकिन सरकार के मंत्री एड़ी से चोटी तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं। कांग्रेस की जीत के आड़े आएगी। मीणा ने यह भी कहा कि आखिरकार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की क्या मजबूरी है कि वह इन्हें नहीं हटा रहे। वहीं बापतु से पार्टी विधायक हरीश चौधरी ने भाजपा शासन के दौरान हुए भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि उस दौरान भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा था। ऐसा कहकर हरीश चौधरी ने अप्रत्यक्ष रूप से सचिन पायलट की बात का समर्थन कर दिया है।

संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन फीडबैक देने आए कांग्रेस विधायक रामनारायण मीणा ने अपनी ही सरकार के मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा दिए। मीणा ने किसी मंत्री का नाम तो नहीं लिया, लेकिन उन्होंने कहा कि राजस्थान के मतदाता कांग्रेस को जिताने के मूड में हैं, बशर्ते हम जनता की भावना का आदर करें। उन्होंने मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि यह बात सही है कि करप्शन में कुछ मंत्री बहुत आगे बढ़ चुके हैं। अब यह मुख्यमंत्री की कमजोरी है या मजबूरी है कि वह ऐसे मंत्रियों को हटा नहीं पा रहे हैं, लेकिन यह बात हमारे लिए माइनस पॉइंट है।

विधायक मीणा ने कहा कि कुछ मंत्री तो अपने पावर का दुरुपयोग कर भाजपा का साथ देते हैं और वोट भी भाजपा को दिलाते हैं। ऐसे लोग के कांग्रेस में आगे बढ़ने से हम कमजोर हैं। भ्रष्टाचार करने वाले मंत्री पैसा कमा रहे हैं और हो सकता है कि पैसे के आधार पर जीत जाएं। हालांकि, उन्होंने साफ कहा कि परिवार में बैठते हैं तो सब तरीके की बातें होती हैं, लेकिन आज फीडबैक में खुलकर बोलने का समय नहीं था।

- **विधायक मीणा ने कहा, ''कुछ मंत्री पावर का दुरूपयोग कर भाजपा को वोट दिलाते हैं।''**
- **हरीश चौधरी ने कहा, भाजपा शासन में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा था, चेहरे का फैसला आलाकमान करेगा।**
- **पायलट का दौरा और राजेन्द्र गुढ़ा का बयान भी छाया रहा, संवाद के दूसरे दिन।**

संवाद कार्यक्रम में सचिन पायलट के कल के दौरे और बयानों का भी असर देखने को मिला है। दरअसल जो बात कंट्रोल रूम से बाहर आई ,उसके मुताबिक पायलट के खेतड़ी दौरे की चर्चा वॉर रूम तक पहुंच गई है। एक विधायक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि दरअसल वॉर रूम में पार्टी के भीतर चल रहे घमासान की भी चर्चा सुनाई दी। बताया जा रहा है कि वॉर रूम में फीडबैक ले रहे नेताओं के पास कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की कटिंग और ऐसे दस्तावेज देखे गए, जिनमें खेतड़ी में सोमवार को हुए पार्टी नेताओं के भाषण और बयानों का जिक्र था। इस रिपोर्ट में मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के साथ ही पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बयानों की भी चर्चा है। फीडबैक से लौटे नेताओं का कहना है की पार्टी नेताओं में फौरी तौर पर इसकी चर्चा है, लेकिन कितनी गहन चर्चा हुई और आगे क्या रिपोर्ट तैयार होगी, इस बारे में वह भी दावे से कुछ भी नहीं कह सकते।

सोमवार को जहां मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने आलाकमान को सचिन पायलट पर कार्यवाही करने पर छठी का दूध याद आने की बात करके चुनौती दी, तो मंगलवार को आदिवासी क्षेत्र के विधायकों ने कहा कि मुख्यमंत्री का चेहरा तो अशोक गहलोत ही है, आलाकमान कौन है, नया चेहरा लाने वाला। ऐसा कहकर अब इन विधायकों ने भी आलाकमान को चुनौती दे दी है। मंगलवार को आदिवासी क्षेत्र के विधायकों ने फीडबैक के बाद एक स्वर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को चौथी बार मुख्यमंत्री बनाने और मुख्यमंत्री के साथ होने की बात कही। उदयपुर के धरियाद से विधायक नगराज मीणा, प्रतापगढ़ रामलाल मीणा, डूंगरपुर से गणेश घोघरा और कुशलगढ़ से निर्दलीय विधायक रमिला खड़िया ने गहलोत के साथ होने की बात कही। नगराज मीणा ने तो यहां तक कह दिया कि आलाकमान दूसरा चेहरा क्यों लाएगा ? जब अशोक गहलोत हैं और बेहतर काम कर रहे हैं। निर्दलीय

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

ई.डी. ने कार्ति चिदम्बरम की 11.04 करोड़ रु. की सम्पत्ति जब्त की

नई दिल्ली, 18 अप्रेल। प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने पूर्व वित्त मंत्री के बेटे और तमिलनाडु से लोकसभा सांसद कार्ति चिदंबरम पर बड़ी कार्रवाई की है। ई.डी. ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्ति चिदंबरम की 11.04 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। ई.डी. ने यह कार्रवाई आई.एन.एक्स. मीडिया मामले में की है।

- **ई.डी. ने यह कार्रवाई आई.एन. एक्स. मीडिया से जुड़े मनी लॉण्डरिंग मामले में की है।**

पूरा मामला आई.एन.एक्स. मीडिया को फॉरेन इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन बोर्ड से गैर कानूनी तौर पर मंजूरी दिलवाने से जुड़ा है। इसमें आई.एन.एक्स. ने 305 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश हासिल किया था। इस केस में गड़बड़ी की आंच कार्ति

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

विचार बिन्दु

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। –हरिवंश राय बच्चन

जलवायु परिवर्तन के खतरनाक परिणाम सामने आने लगे हैं

बीता 2022 का साल एक असाधारण वर्ष था। लगभग आधी सदी बाद पहली बार चांद पर कोई यान फिर उतारा गया। वैज्ञानिकों ने 'जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप' के जरिये ब्रह्मांड में पहले से कहीं अधिक दूर गहराई तक झांक कर उसकी रचना और निर्माण की खोज करने का इतिहास रचा। वैज्ञानिकों ने गहरे अंतरिक्ष की खोज करने के लिये करोड़ों प्रकाश वर्ष दूर तक ही नहीं झांका, बल्कि साथ ही साथ अपनी पृथ्वी की ओर भी दृष्टि डालना जारी रखा।

उन्होंने पिछले साल पृथ्वी पर क्या देखा? बहुत कुछ देखा। जो देखा वह डरावना है। मानव पर्यावरण के साथ जैसा खिलवाड़ कर रहा है उसकी जानकारी वैज्ञानिकों के अध्ययनों में सामने आई है। यह जानकारी धरती पर मानव के भविष्य के लिए चेतावनी देती है। दुनिया भर के वैज्ञानिकों के अध्ययन बताते हैं कि बीते साल जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देने वाले ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ते उत्सर्जन एक बार फिर नई ऊंचाइयों पर पहुंच गये हैं। पिछले साल जुलाई में 'एमिट' नाम का एक नया उपकरण अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को भेजा गया।

यह यंत्र विभिन्न स्त्रोतों से आने वाली एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस मीथेन, जिसे 'सुपर एमिटर' की तरह पहचाना जाता है, के उद्गम स्थानों का पता लगाता है। यह तो अब जग जाहिर है कि मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसें जलवायु प्रणाली में अनावश्यक गर्मी बनाये रखती हैं जिससे धरती की सतह का तापमान बढ़ता हैं। पिछला वर्ष, 1880 के बाद पृथ्वी के पांचवें सबसे गर्म वर्ष के रूप में दर्ज हुआ। साथ ही इस सदी के पिछले नौ लगातार वर्ष सबसे गर्म वर्ष के रूप में दर्ज हुए हैं। धरती के बढ़ते तापमान ने पिछले साल दुनिया भर में अलग-अलग जगहों पर उत्पात मचाया, कहर ढाया। नेशनल ओशियेनिक एण्ड एटमॉसफियरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) और नासा के विश्लेषणों के अनुसार जलवायु प्रणाली में अधिकांश अतिरिक्त गर्मी समुद्र में बनती है। उनके आंकड़े बताते हैं कि 2022 में समुद्र की गर्मी के नये रिकॉर्ड बने। वैज्ञानिक मानते हैं कि यह बढ़ी हुई समुद्री गर्मी तीव्र उष्णकटिबंधीय तूफानों को बढ़ावा दे सकती है। इसे हमने पिछले सितंबर में तूफान 'इयान' के रूप में देखा भी। अमरीका में 'इयान' एक उष्णकटिबंधीय तूफान के रूप में आया और 24 घंटे के भीतर तेजी से तूफ़ानों की भीषण तीव्रता की संख्या चार की श्रेणी में तब्दील हो गया। यह तूफान अमेरिका में तबाही के लिहाज से अब तक के सबसे बड़े तूफानों में से एक माना जा रहा है।

जब जलवायु प्रणाली गर्म होती है तब वातावरण में अधिक नमी बनती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक तीव्रता वाली भारी वर्षा होती है। पिछले साल जून से सितंबर तक हमने पड़ोसी पाकिस्तान में उसका तांडव देखा। लंबे समय तक और भारी मानसूनी बारिश के कारण वहां पिछले एक दशक की सबसे भीषण बाढ़ आई जिससे वहां जबरदस्त तबाही मची। बढ़ती गर्मी से न केवल वातावरण में अधिक पानी बनता है और भारी बारिश होती है, बल्कि उससे मिट्टी की नमी को भी नुकसान पहुंचता है। इससे सूखे के हालात बढ़ जाते हैं। पिछले साल अमेरिका के पश्चिम में सूखा पड़ा जिसके कारण उसके लेक मीड और लेक पॉवेल जैसे महत्वपूर्ण जलाशयों की क्षमता गिर कर केवल 27 प्रतिशत तक रह गई। शुष्क और गर्म परिस्थितियों का परिणाम जंगल में लगने वाली आग के खतरों के बढ़ जाने में भी होता है।

जनवरी में लंबे समय से चली आ रही गर्मी और सूखे के दौरान, अर्जेन्टीना के कोरिएंटेस प्रांत में आग लगने की एक हजार से अधिक घटनाएं हुई। इसने अमरीका के इबेरा राष्ट्रीय उद्यान और आसपास के खेतों की महत्वपूर्ण आर्द्रभूमि को नष्ट कर दिया। ऐसे हालात अमरीका के हैं जहां उन्नत प्रोद्योगिकी है और प्रकृति की प्रत्येक हलचल पर वैज्ञानिक पल-पल नज़र रखते हैं। जलवायु परिवर्तन का असर कुछ देशों को नहीं, वरन् समूची दुनिया पर पड़ता है। कोई देश यह सोचे कि वह प्रकृति की मार से बच जाएगा तो यह उसकी खाम-खयाली होगी। अमेरिकी भूभौतिकीय संघ की 2022 की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत जीआईएसएस शोध के साथ-साथ एक अलग अध्ययन और आया है जिसके अनुसार, आर्कटिक क्षेत्र में वार्मिंग प्रवृत्तियों सबसे अधिक प्रभाव नजर आ रहा है। यह वैश्विक औसत के चार गुना के करीब है। दुनिया भर के समुदाय उन सभी प्रभावों को महसूस कर रहे हैं जिन्हें वैज्ञानिक गर्म होते वातावरण और समुद्र से जुड़े हुए मान रहे हैं।

पर्यावरण मानकों का सख्ती से पालन करने, अक्षय ऊर्जा, जैसे पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और पनबिजली के उपायों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। तभी ग्लोबल वार्मिंग पैदा करने वाली गैसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए मजबूती से लगातार प्रयत्न करते रहने की जरूरत है।

नासा के वैज्ञानिक वैश्विक तापमान का विश्लेषण मौसम स्टेशनों और अंटार्कटिक अनुसंधान स्टेशनों के साथ-साथ जहाजों और समुद्र के जहाजों पर लगे उपकरणों द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों से तैयार करते हैं। वैज्ञानिक डेटा में अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए इन मापों का विश्लेषण करते हैं और हर साल वैश्विक सतह के औसत तापमान के अंतर की गणना के लिए सुसंगत तरीके काम में लेते हैं। सतह के तापमान के ये भू-आधारित माप नासा के एक्वा उपग्रह पर वायुमंडलीय इन्फ्रारेड साउंडर द्वारा 2002 से एकत्र किए जा रहे उपग्रह डेटा और अन्य अनुमानों के अनुरूप ही हैं। इसलिए उनकी विश्वसनीयता पर कोई विवाद नहीं है।

समय के साथ वैश्विक तापमान कैसे बदलते हैं, यह समझने के लिए नासा 1951 से 1980 की अवधि को आधार रेखा के रूप में उपयोग करता है। उस आधार रेखा में 'ला नीना' और 'एल नीनो' जैसे जलवायु पैटर्न भी शामिल हैं। इनके साथ ही अन्य कारकों में असामान्य रूप से गर्म या ठंडे वर्ष भी शामिल किये जाते हैं। इसमें पृथ्वी के तापमान में प्राकृतिक भिन्नताओं को भी शामिल किया जाता हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि किसी भी वर्ष में औसत तापमान को कई कारक प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में 'ला नीना' की स्थिति के लगातार तीसरे वर्ष बनाने के बावजूद वर्ष 2022 रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्षों में से एक था। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 'ला नीना' के शीतलन प्रभाव ने वैश्विक तापमान को थोड़ा कम (लगभग 0.11 डिग्री फ़ारेनहाइट या 0.06 डिग्री सेल्सियस) किया हो सकता है, जो औसत से अधिक सामान्य समुद्री परिस्थितियों में होता। एक अलग, स्वतंत्र विश्लेषण करके निष्कर्ष निकालाने वाले अमरीका के नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) जिसने 2022 के लिए वैश्विक सतह का तापमान 1880 के बाद से पांचवां उच्चतम बताया के वैज्ञानिक अपने विश्लेषण में समान रूप से तापमान के कच्चे डेटा का अधिक उपयोग करते हैं। वे एक अलग आधारभूत अवधि (1901-2000) और पद्धति अपनाते हैं। हालांकि कुछ खास वर्षों के लिए रैंकिंग के रिकॉर्ड के बीच थोडी भिन्नता हो सकती है मगर वे व्यापक तौर पर दीर्घकालिक ग्लोबल वार्मिंग को दर्शाते हैं। नासा के 2022 तक वैश्विक सतह के तापमान के पूर्ण डेटासेट का वैज्ञानिकों ने कैसे विश्लेषित किया वह उसका कोड सहित पूर्ण विवरण सार्वजनिक रूप से जियोग्रैफिक इनफार्मेशन सिस्टम पर उपलब्ध हैं। यह नासा की एक प्रयोगशाला है जिसका प्रबंधन मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में एजेंसी के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के पृथ्वी विज्ञान प्रभाग द्वारा किया जाता है। यह प्रयोगशाला न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय के अर्थ इंस्टीट्यूट और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंस से संबद्ध है।

जलवायु का आसन्न संकट धरती के किसी एक भूभाग के लिए नहीं है। वह सभी को प्रभावित करने वाला है। यह सम्पूर्ण मानव जाति का सामूहिक संकट है जिसे सामूहिक तरीके से ही निबटा जा सकता है। यही कारण है कि अंतरिक्ष से पृथ्वी पर नज़र रखने वाला अंतरिक्ष विज्ञान का संस्थान अपनी जानकारियों का सबसे साझा करता है। समाधानों को बढ़ावा देने के लिये वह जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की जानकारी का ओपन डेटा उपलब्ध कराता है। जैसा कि हमने देखा है कि जलवायु का गरम होना हम सभी को प्रभावित करता है और इसका मुकाबला करने के लिए हम सभी को आगे बढ़ना है। जैसा कि 2022 और उसके पिछले वर्षों में वैज्ञानिकों ने जो आंकड़े दिये उनसे अब विश्व के सभी देश जलवायु की चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझने लगे हैं और समझने लगे हैं कि उनका सामना करना कितना महत्वपूर्ण है। अब यह सबको भली भांति समझ में आ गया है कि ग्रीन हाउस प्रभाव की वजह से पैदा होने वाली ग्लोबल वॉर्मिंग आने वाले समय में मानवजाति की सबसे बड़ी चुनौती है। धीरे-धीरे यह भी सबको साफ होता जा रहा है कि जल्द ही कुछ करने की जरूरत है ताकि धरती को गरम होने से रोका जा सके। ऐसी प्राकृतिक आपदा जो मानव के हस्तक्षेप से आती है। यह वक़्त उसे रोकने के उपाय करने का है। वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग में कमी के लिये मुख्य रूप से सी.एफ.सी. गैसों का उत्सर्जन रोकना होगा और इसके लिये फ्रिज़, एयर कंडीशनर और दूसरे कूलिंग मशीनों का इस्तेमाल कम करना होगा या ऐसी मशीनों का उपयोग करना होगा जिससे ऐसी गैसें कम निकलती हों। औद्योगिक इकाइयों की चिमनियों से निकलने वाला धुआं भी हानिकारक होता है। साथ ही वाहनों में से निकलने वाला धुआं भी पर्यावरण को बिगाड़ता है। रासायनिक इकाइयों से निकलने वाला कचरा और जंगलों में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई भी धरती के तापमान को बढ़ाने में योगदान दे रही है। ऐसे में पर्यावरण मानकों का सख्ती से पालन करने, अक्षय ऊर्जा, जैसे पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और पनबिजली के उपायों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। तभी ग्लोबल वार्मिंग पैदा करने वाली गैसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए मजबूती से लगातार प्रयत्न करते रहने की जरूरत है।

–अतिथि संपादक,
राजेन्द्र बोड़ा
(वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक)

राजनीति में अपराधियों का खात्मा हो सकता है क्या?

महावीर सिंह

राजनीति में अपराधियों के बोलबाले पर 30 साल से अधिक समय से बहस हो रही है। जाने-माने विधिवेत्ताओं नें, राजनीति में शुचिता के पक्षधर चिंतकों-लेखकों-एक्टिविस्टों-आम जन नें, चुनाव अयोग के नामचीन मुख्य आयुक्तों आदि नें समय-समय पर बहुत सारे सुझाव दिए किन्तु अभी तक इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। चुनाव आयोग तो यह कह कर पल्ला छड़ लेता है कि इस सम्बंध में कानून बनाने व संसोधन का अधिकार संसद के पास है। संसद में चिंता जरूर व्यक्त कर दी जाती है किंतु कानून बनाने में, दृढ़ इच्छा शक्ति के अभाव में, अभी तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया। मतदाता के पास तो अपराधी प्रत्याशियों को हराने के अधिकार केवल 5 साल में आता है। उस समय विभिन्न क्षेत्रीय, जातीय, व्यक्तिगत मुद्दे और धनबल, अपराधियों का डर, राजनेताओं से उनकी नजदीकी आदि हावी हो जाते है। आम आदमी को भरोसा ही नहीं कि राजनीतिक पार्टियों के मर्जिदान दुर्दांत अपराधियों से सरकार-राजनेता उसकी सुरक्षा कर सकते है। उसके लिए स्वयं की और अपने परिवार की सुरक्षा सर्वोपरि है।

अत: राजनीति के अपराधीकरण रोकने की प्रभावी पहल केवल राजनीतिक दल या चुनाव आयोग व संसद ही कर सकते है।

राजनीतिक दलों के जो विचार, मन्तव्य, कार्यप्रणाली इन वर्षों में सामने आए है उनके अनुसार उन्हें, केवल और केवल चिंता यह होती है कि सदनों में उनके अधिकाधिक सदस्य चुन कर आ जाए। उन्हें इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अपराधियों-बाहुबलियों-माफियाओं व अकूत काले धन वालों को टिकट देने में कोई गुरेज नहीं होता। पैमाना प्रत्याशी की जिताऊ होने की क्षमता होती है, बाकी सब बातें बाद की।

संसद में कानून बनाने, संशोधन करने की परम शक्ति निहित है किंतु संसद नें तो पिछले कई दशकों से ऐसा किया नहीं क्योंकि कोई राजनीतिक दल ऐसा करना चाहते ही नहीं। संसद में तो वही होगा जो बहुमत चाहेगा। अभी तक का तो अनुभव यही कहता है कि संसद में कोई दल इस विषय पर गम्भीर नहीं।

समय-समय पर विभिन्न राजनेताओं व निहित स्वार्थ वालों के इस विषय पर विचार सामने आते है। उनके अनुसार चुनाव लड़ना किसी नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इसलिए बिना न्यायिक निर्णय के उन्हें चुनाव लड़ने से बाधित नहीं किया जा सकता है। राजनीतिक दल भी इसी तर्क को ढाल बनाकर दुर्दांत अपराधियों को पोषित करते है कि केवल आरोप ही तो है, दोषसिद्धि थोड़े ही हुई है।

सभी राजनीतिक दल अपराधियों के पक्ष में तो कई तर्क दे देंगे किन्तु क्या जिस व्यक्ति के विरुद्ध हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे गम्भीर अपराध हुए है, उस व्यक्ति या उसके परिवार का कोई अधिकार नहीं है क्या? या वे लोग केवल, कोर्टों में पेशी दर पेशी भुगतता रहे और अंत में दुर्दांत अपराधी गवाहों को तोड़ ले, गायब कर दे, मन माफिक गवाही दिला कर भुक्तभोगियों को अंगूठा दिखाते हुए बाइज्जत बरी होने का ठप्पा लगवा ले।

अब बचा चुनाव आयोग। सही है चुनाव आयोग को संसद वाले अधिकार तो नही।

लेकिन कल्पना करें कि चुनाव आयोग में कोई शेषन फिर से आ जाए और एक आदेश निकाल दे कि जिस व्यक्ति के विरुद्ध हत्या, बलात्कार, अपहरण व सात साल या आदिम के मामले में सक्षम न्यायालय में बाद सुनवाई अपराध से सम्बंधित बिंदु तय हो गए और किसी ऊपरी अदालत का स्थगन आदेश नहीं है तो उनका चुनाव लड़ने हेतु नामांकन का पर्चा अस्वीकार होगा। कोना सा ऐसा राजनीतिक दल, सिविल एक्टिविस्ट समूह होगा जो इसे हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में चेलेंज करेगा? कौन सा ऐसा राजनीतिक दल होगा जो इसे संसद में पलटवाने के लिए कानून बनवाने की कार्यवाही प्रारम्भ करवाएगा?

–महावीर सिंह,
पूर्व आईएएस

बीकानेर स्थापना दिवस पर प्रदर्शित होगी ऊंट की खाल से बनी दुनिया की सबसे छोटी पतंग

बीकानेर, (निसं)। ऊंट की खाल पर बनी दुनिया की सबसे छोटी पतंग बीकानेर स्थापना दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जाएगी। इस पतंग का आकार मात्र 1 एम एम है। इस पतंग पर 22 कैरेट गोल्ड स्वर्ण नक्काशी उस्ता कार्य किया गया है। बीकानेर के 535वें स्थापना दिवस के मौके पर जिला प्रशासन नगर विकास न्यास नगर निगम व देवस्थान के सहयोग से आयोजित प्रदर्शनी में एक नया कार्य मास्टर क्राफ्ट मैन शौकत अली उस्ता पुत्र रहीम बक्स उस्ता जो भारत सरकार द्वारा उस्ता कला में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता है, द्वारा प्रदर्शित करेंगे। उस्ता कला को आगे बढ़ाने और कुछ नया कर दिखाने के लिए उस्ता ने इस बार एक नया कीर्तिमान तैयार किया है।

- **इस पतंग का आकार मात्र एक एम एम है, इस पतंग पर 22 कैरेट गोल्ड स्वर्ण नक्काशी उस्ता कार्य किया गया है**
- **मथेरण व उस्ता कला के भित्ति चित्रों की 100 फोटोग्राफ भी कला प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जाएगी**

यह पतंग बीकानेर स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाली कला प्रदर्शनी में शामिल होगी।

प्रदर्शनी के संयोजक अजीज भुट्टा ने बताया कि ऊंट की खाल पर दुनिया की सबसे छोटी बनी पतंग के दोनों तरफ सुनहरी नक्काशी की गई है। पतंग के एक तरफ 22 केरेट गोल्ड से बीकानेर का नक्शा बनाया है तो दूसरी तरफ उस्ताकला से तैयार स्थापना दिवस लिखा है जो लेंस जरिये ही देखा जा सकता है। दूसरी पतंग 21 गुणा 21 सेंटीमीटर की बनी हुई है जिसके दोनों तरफ उस्ता कला नक्काशी 22 केरेट गोल्ड से तैयार की है। जिसके एक तरफ देशनोक की करणीमाता का चित्र व जुनागढ़ किला बनाया गया है यह दोनो चित्र एक तरफ ही है। जिसमें करणीमाता को बीकानेट पर आशीर्वाद देते हुए दिखाया गया है। पतंग के दूसरी तरफ उस्ता कला नक्काशी के साथ राजस्थान की शान ऊँट को दिखाया गया है। दोनों पतंगों पर ओर (धागा) से कनिया भी लगाया हुआ है। उस्ता कलाकारी और हुनर की बदौलत ही उन्होंने विश्व में बीकार्नर का डंका बजाया है। बीकार्नर का नाम विश्व में प्रसिद्ध किया। शौकत उस्ता ने इस कला की बारीकियों का ज्ञान मोहम्मद हनीक उस्ता से लिया इनकी यह कला पीढ़ी दर-पीढ़ी चली आ रही है।

शौकत उस्ता बीकानेर की लुप्त होती उस्ता कला को बचाने का निरन्तर कार्य करते आ रहे है तथा समय-समय पर सरकारी व गैर सरकारी प्रशिक्षण देने का कार्य की भी करते है।

शौकत ने कहा कि बीकानेर के युवा जहां प्रतिभा से भरपूर है। वही के उन्हें अपनी कला दिखाई व अपने कौशल को चमकाई के लिए एक मंच प्रदान करने की आवश्यकता है। संयोजक के अनुसार कला प्रदर्शनी मथेरन कला, उस्ता कला व फोटोग्राफी भी इन दोनों कलाओं से संबंधित अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडल प्राप्त अज़ीज़ भुट्टा द्वारा लिए गए 100 भित्ति चित्रों के फोटोग्राफ्स भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इस तरह के फोटो पहली बार किसी प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए जा रहे हैं। प्रदर्शनी के उप संयोजक डॉक्टर मोहम्मद फारुख चौहान ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 19 अप्रैल की सवेरे दस बजे होगा। प्रदर्शनी रोजाना सवेरे 10 बजे से सायं 8 बजे तक आम दर्शकों के लिए निशुल्क खुली रहेगी।

तौफिक पहलवान ने कुश्ती जीती

नारायणपुर, (निसं)। कस्बे के बिलाली सड़क मार्ग पर स्थित कानूनगो वाले हनुमान जी महाराज का मेला मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। मेले के दौरान सुबह से मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा की पूजा-अर्चना और प्रसाद चढ़ाकर मन्नौती मांगी। मेले में दोपहर बाद कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ, कामड़े की कुश्ती चांदोली के तौफिक पहलवान और राजेश पहलवान माजरा के मध्य हुई।

विजेता तौफिक पहलवान को मेला कमेटी द्वारा 51 सौ रूपये देकर सम्मानित किया गया। मेला कमेटी की ओर से भण्डारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। मेले में भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव का साफा और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार की सजावटी सामानों की दुकान और स्टाल लगाई गई, जिसमें बच्चों व महिलाओं ने खरीददारी की। मेला स्थल पर सेवादारों ने शीतल जल की प्याऊ लगाई। इस मौके पर सुल्तान राम सैनी, जलेसिंह मीणा, हीरालाल धाबाई, राजू प्रजापत, वैध भवानीशंकर, बजरंग गुर्जर, महेन्द्र शर्मा, घनश्याम योगी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

सारथी ट्रस्ट की मदद से "सुहानी" बाल विवाह से मुक्त हुई

जोधपुर, (कासं)। सूर्यनगरी में एक और बालिका वधु ने बाल विवाह के खिलाफ जंग जीत ली। जोधपुर के पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 के न्यायाधीश प्रदीप कुमार मोदी ने आखातीज से पहले समाज को कड़ा संदेश देते हुए सुहानी के बाल विवाह निरस्त का फैसला सुनाया। यह कार्य सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. कृति की मदद से हो पाया।

- **जोधपुर पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 के न्यायाधीश ने आखातीज से पहले बाल विवाह निरस्त का फैसला सुनाया**
- **सारथी ट्रस्ट की डॉ.कृति की मदद से प्रदेश में 49 वां बाल विवाह निरस्त हुआ**

जानकारी के अनुसार जोधपुर के पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 के न्यायाधीश प्रदीप कुमार मोदी ने आखातीज से पहले समाज को कड़ा संदेश देकर सुहानी के बाल विवाह निरस्त का फैसला सुनाया। जिसके साथ ही सारथी ट्रस्ट की डॉ.कृति की मदद से प्रदेश में 49 वां बाल विवाह निरस्त हो गया।

दैनिक मजदूर की बेटी करीब 19 वर्षीय सुहानी (बदला हुआ नाम) का बाल विवाह करीब 6 साल पहले महज 13 साल की उम्र में समाज के दबाव में करवा दिया गया था। सुहानी प्रशासनिक अधिकारी बनने का ख्वाब संजोए थी। उसको खुद के ख्वाब टूटते दिखे। इधर लगातार छह साल तक ससुराल वालों ने लगातार गौना करने का दबाव बनाया और धमकियां दी तो अवसाद से घिर गई। घबराहट में स्कूल जाना तक छूट गया। हर पल भविष्य की चिंता सता रही थी।

सुहानी को बाल विवाह की करीब 6 साल तक पीड़ा झेलने के बीच एक कोचिंग संस्थान के यूट्यूब लाइव कार्यक्रम में बीबीसी की 100 प्रेरणादायी महिलाओं व वर्ल्ड टॉप टेन एक्टिविस्ट सूची में शुमार सारथी ट्रस्ट की डॉ.कृति भारती की बाल विवाह निरस्त की मुहिम के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद उसने डॉ.कृति से मुलाकात कर पीड़ा बयां की। डॉ.कृति भारती ने पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 में करीब 5 माह पहले सुहानी के बाल विवाह निरस्त का वाद दायर किया।

डॉ.कृति भारती ने पैरवी कर न्यायालय को बाल विवाह के तथ्यों और दस्तावेजों से अवगत करवाया। जिसके बाद पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 के न्यायाधीश प्रदीप कुमार मोदी ने बालिका वधु सुहानी के 6 साल पहले महज 13 साल की उम्र में हुए बाल विवाह को निरस्त करने का ऐतिहासिक फैसला सुनाया। न्यायाधीश मोदी ने समाज को बाल विवाह के खिलाफ खड़ा संदेश देते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करना सरासर गलत है।

देश सालों से बाल विवाह की कुप्रथा में जकड़ा हुआ है। इसके खात्मे के लिए समेकित प्रयास करने जरूरी है। बाल विवाह निरस्त के फैसले पर सुहानी खुशी से उछल पड़ी और डॉ.कृति से लिपट गई।

सालभर से पेयजल सप्लाई बंद

खिरोड़, (निसं)। मोहनवाड़ी ग्राम पंचायत की रणवां की ढाणी में सार्वजनिक रूप से बनाई गई ट्यूबवैल एक वर्ष से खराब अवस्था में पड़ी होने से क्षेत्र की जनता को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

ढाणी के ग्रामीण भोपाल सिंह के मुताबिक जलदाय विभाग द्वारा लगाई गई ट्यूबवैल पिछले एक वर्ष से बंद पड़ी रहने से ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस भयंकर गर्मी के मौसम में लोग पीने के पानी के लिए दूर दराज से 1-2 मटके लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस ट्यूबवैल की मोटर अंदर नीचे चली जाने से ट्यूबवैल खराब पड़ी है। इस समस्या को लेकर जलदाय विभाग के संबंधित जेईएन, एईएन सहित उच्च अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सरपंच को भी अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस ट्यूबवैल को ठीक करवाने की मांग की है।

राशिफल

पंडित अनिल शर्मा

बुधवार 19 अप्रैल, 2023

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2080, रेवती नक्षत्र रात्रि 11:53 तक, वैधृति योग दिन 3:24 तक, शकुनी करण दिन 11:24 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 11:53 से मेष राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज पितृ अमावस्या, अन्वाधान शब्बे कद्र है। पंचक रात्रि 11:53 पर समाप्त होंगे। आज मृत्युयोग रात्रि 11:53 से सूर्योदय तक और वैधृति पुण्यम है।

सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया: लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:14 तक, शुभ 10:48 से 12:26 तक, चर 3:56 से 5:09 तक, लाभ 5:09 से सूर्यास्त तक।

राहूकाल: 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:03, सूर्यास्त 6:49

मेष
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

वृष
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

मिथुन
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।

कर्क
धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी और व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।

सिंह
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष और भय बना रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

कन्या
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

तुला
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

वृश्चिक
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

धनु
घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

मकर
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार होगा। महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा। आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

कुंभ
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित योजना बनेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

मीन
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

प्रदेश में एक ही दिन में साढ़े पांच सौ के करीब नए करोना संक्रमित मिले

जयपुर में सर्वाधिक 135 नए मरीज सामने आए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में मंगलवार को करोना संक्रमण के मामलों में वृद्धि हुई है। इसके तहत पिछले चौबीस घंटों में साढ़े पांच सौ के करीब नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच करोना से दो लोगों की मौत भी हुई है।

प्रदेश में मंगलवार को 27 जिलों में 547 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को 379 रोगी पाए गए थे। इधर आज राज्य में सबसे ज्यादा 135 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा भरतपुर में 69, अलवर में 50, नागौर में 43, जोधपुर में 42, बीकानेर में 32, उदयपुर में 22, चित्तौड़गढ़ में 20, सीकर में 19, अजमेर में 18, राजसमंद में 12, दौसा में 11, डूंगरपुर व सवाई माधोपुर में 9-9, जालोर में 8, गंगानगर व झालावाड़ में 7-7, बांसवाड़ा, बूंदी, जैसलमेर, प्रतापगढ़ व भीलवाड़ा में 5-5, हनुमानगढ़ में 3, धौलपुर व झुंझुनूं में 2-2, चूरू व पाली में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच प्रदेश में 12 हजार 71 कोविड जांच की गई।

- **जयपुर और झालावाड़ में करोना से 1-1 मरीज की मौत हुई है।**

उधर प्रदेश में 235 संक्रमित ठीक हुए हैं। हालाकि नए संक्रमितों के मुकाबले रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 2858 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 781 लोगों का इलाज जयपुर में चल रहा है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से जयपुर और झालावाड़ में 1-1 संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9685 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन पर 213 यूनिट रक्तदान

जयपुर, (का.सं.)। विपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिवस पर प्रदेश व्यापी रक्तदान महाअभियान के क्रम में राजधानी के करधनी क्षेत्र में भाजपा युवा नेता सानंद ओझा के सानिध्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कर कर 213 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

रक्तदान कार्यक्रम का शुभारम्भ राजेंद्र राठौड़ ने फीता काटकर और सालासर बालाजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। राठौड़ ने आयोजनकर्ता सहित रक्तदान करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता सानंद ओझा ने नेता प्रतिपक्ष राठौड़ को श्री सालासर बालाजी की प्रतिमा भेंटकर व केक कटवा कर बधाई दी।

5100 दीपकों से ताड़केश्वर मंदिर में हुई महाआरती

सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा मनाये जा रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अन्तर्गत आज चौड़ा रास्ता स्थित भगवान ताड़केशवर मंदिर में 5100 दीपकों से महाआरती का आयोजन किया गया।

जयपुर, (का.सं.)। सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा मनाये जा रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अन्तर्गत आज चौड़ा रास्ता स्थित भगवान ताड़केशवर मंदिर में 5100 दीपकों से महाआरती का आयोजन किया गया।

सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष सविता शर्मा ने बताया कि महासभा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विप्रजनों ने महाआरती में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा को ओर अधिक बढा दिया। वहां उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं विप्रजन ने भगवान परशुराम एवं ताड़केश्वर नाथ के जयकारे लगाकर महाआरती के महोत्सव को और अधिक मंगलमय बना दिया। मंदिर में शंख, घंटी, घड़ियाल बज रहे थे एवं पंडित सस्वर पाठ कर रहे थे।

इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि भगवान शिव और भगवान परशुराम का शास्त्रों में अलग-अलग चित्रण मिलता है जो कि प्रेरणास्पद है और भगवान परशुराम जयंती में आयोजित सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज का हित एवं कल्याण स्वरूप कदम उठाना है। इस अवसर पर भगवान ताड़केश्वर का विशेष श्रृंगार भी किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, आयोजन समिति के जयपुर युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट कमलेश शर्मा, जयपुर शहर युवा अध्यक्ष अविकुल शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री, युवा जयपुर महिला अध्यक्ष पूजा शर्मा, नीलम मिश्रा, गीता शर्मा, लता शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, लता शर्मा, गीता शर्मा, सरिता शर्मा, विजय भास्कर, अरविन्द मिश्र, हरिष मिश्रा, अशोक शर्मा सांगानेर, कैलाश शर्मा, हवामहल अध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा, पं. विश्णु दत्त शर्मा, राघव शर्मा, अशोक भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में युवा व महिलायें उपस्थित थी।

जयपुर में स्वच्छता की शपथ ली

सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा 10 से 24 अप्रैल तक मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय जयपुर द्वारा पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया सभागार में स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया।

जयपुर, (का.सं.)। सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय द्वारा 10 से 24 अप्रैल 2023 तक मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज मंगलवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय जयपुर द्वारा पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया सभागार में स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया।

केंद्रीय संचार ब्यूरो एंव पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने आल इण्डिया रेडियो के निदेशक नीलेश कालभोर, दूरदर्शन के निदेशक अभियांत्रिकी एच.पी. मीणा, पत्र सूचना कार्यालय के संयुक्त निदेशक पवन फौजदार, ऑल इण्डिया रेडियो के संयुक्त निदेशक राम खिलाड़ी मीणा, दूरदर्शन की समाचार प्रमुख मंजू मीना, ऑल इण्डिया रेडियो के कार्यक्रम प्रमुख रामकरण मीणा, दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख लक्ष्मण व्यास, सी.बी.सी के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा तथा पीआइबी, केंद्रीय संचार ब्यूरो के कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार में जुटे सतीश पूनियां

जयपुर। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा के विजय संकल्प अभियान में जुटे राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बेंगलुरु के दोडबल्लापुर में विशाल नामांकन रैली में शामिल होकर संबोधित किया। डॉ. पूनियां ने बेंगलुरु के दोडबल्लापुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी धीरज मुनिराज की विशाल नामांकन रैली में शामिल होकर भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ विजय बनाने का आह्वान किया। कर्नाटकवासियों को सतीश पूनियां ने कहा कि राजस्थान से आप लोगों के बीच में भाजपा को विजयी बनाने, आपका आशीर्वाद और समर्थन मांगने के लिए आया हूं, कर्नाटक से राजस्थान तक एक ही आवाज है कि कर्नाटक में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी और आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की सरकार बनेगी। गौरतलब है कि नामांकन रैली में उमड़े भारी जनसैलाब के बीच भारत माता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक के वरिष्ठ भाजपा नेता येदियुरप्पा, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई इत्यादि के नारों की गूंज सुनाई दी।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की जन आक्रोश महासभाओं से दूरी

राजे आज से तीन दिवसीय बीकानेर दौरे पर

जयपुर। प्रदेश में चुनावी साल होने के बाद भी अदावत अभी कम होने का नाम नही ले रही है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुधरा राजे ने अभी भी संगठन के कार्यों से दूरी बना रखी है। वहीं भाजपा जनआक्रोश महासभाओं के दौरान अलग-अलग स्थानों पर जाकर सभाएं कर रहे हैं। वहीं मंगलवार को बीकानेर में जन आक्रोश महासभा की सभा को सम्बोधित को प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने किया।

वही पहले राजे ने जनआक्रोश यात्राओं से भी दूरी बना रखी थी। वहीं मंगलवार को बीकानेर में जनआक्रोश महासभा होने के बाद भी उपस्थित नहीं होकर अब ठीक एक दिन बाद बुधवार से तीन दिवसीय बीकानेर दौरे पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुधरा राजे रहेगी। इस दौरान वे बीकानेर, श्रीगंगानगर जिलों में दौरा करेंगी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे इस दौरान सूरतगढ़ में रात्रि विश्राम करेंगी। 20 अप्रेल को सुबह आमजन और राजनेताओं से मुलाकात करेंगी। दोपहर 1 बजे बिश्नोई सभा समिति के कार्यक्रम में भाग लेंगी। वापसी में 3 बजे रवाना होकर 6 बजे बीकानेर पहुंचेंगी। रात्रि विश्राम बीकानेर में करेगी और 21 अप्रेल को सुबह 9:30 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगी।

'विशेषज्ञ कमेटी विवादित प्रश्न-उत्तर की जांच करे'

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कर्मचारी चयन बोर्ड को आदेश दिए हैं कि वह बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती-2022 के जिन प्रश्न-उत्तरों की चुनौती दी गई है, उनकी जांच के लिए विषय विशेषज्ञ की कमेटी बताए। इसके साथ ही कमेटी की रिपोर्ट पर छह सप्ताह में पुनः परिणाम जारी करे। अदालत ने भर्ती में ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस व सामान्य महिला को पांच फीसदी अतिरिक्त छूट देने से मना कर दिया। अदालत ने कहा कि जो अभ्यर्थी नियुक्त हो चुके हैं, वे प्रभावित नहीं होंगे। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश राजेश कुमार मीणा व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक के 9862 पदों के लिए वर्ष 2022 में भर्ती निकाली थी। जिसकी लिखित परीक्षा 18 जून को आयोजित की गई। वहीं बाद में चार जुलाई को मॉडल उत्तर कुंजी जारी कर आपत्तियां मांगी गई। जिसमें याचिकाकर्ताओं ने भी आपत्तियां दर्ज कराई। इस पर बोर्ड ने 31 अगस्त को अंतिम कुंजी जारी कर परिणाम घोषित कर दिया। याचिका में कहा गया कि बोर्ड ने कई प्रश्नों के उत्तर बदल दिए और कई प्रश्नों को डिलीट कर दिया। इसके चलते याचिकाकर्ता चयन से वंचित हो गए। प्रत्येक प्रश्न पत्र में 40 फीसदी अंक लाने जरूरी थे लेकिन विवादित प्रश्न-उत्तरों के कारण याचिकाकर्ता तय अंक नहीं ला पाए। भर्ती के पद अभी भी खाली हैं, इसलिए कमेटी बनाकर विवादित प्रश्न-उत्तरों की जांच करवाई जाए और दोबारा परिणाम जारी किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने विशेषज्ञ कमेटी गठित कर उसकी रिपोर्ट के आधार पर पुनः परिणाम जारी करे।

- **कमेटी को छह सप्ताह में पुनः परिणाम जारी करने का आदेश**

नशीली दवाइयों के तस्करों को दस साल की सजा

जयपुर, (का.सं.)। एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत ने अवैध मादक पदार्थ कोडीन फास्फेट की नशीली दवाइयों की तस्करी से जुड़े मामले में तीन तस्करों मोहन शर्मा, चेतन प्रकाश नानकानी व नारायण दास त्रिलोकानी को दस-दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्तों पर नौ लाख साठ हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जबकि मामले में एक आरोपी सुशील करनानी जमानत मिलने के बाद से ही फरार चल रहा है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्तों ने आपराधिक षडयंत्र रचकर अवैध मादक पदार्थ व नशीली दवाइयों को रखने व परिवहन करने का काम किया है, जबकि उन्हें इस अपराध का पूरा ज्ञान था। ऐसे में उनके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर खंडेलवाल ने बताया कि औषधि नियंत्रण विभाग ने 10 नवंबर, 2017 को एसओजी में मामला दर्ज कराया।

विश्व विरासत दिवस के अवसर पर मंगलवार को हवामहल प्रशासन ने पर्यटकों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

पूर्व सीजे करेंगे एडीजे भर्ती की कॉपी जांच

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने एडीजी भर्ती-2020 में वकील कोटे के 85 पदों में से केवल चार अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चयनित करने से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गोविन्द माथुर को याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों की कॉपी जांचने को कहा है। अदालत पूर्व सीजे को कहा है कि वे कॉपियों का रेंडम चयन कर उनकी जांच करें। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश प्रदीप मलिक व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया कि साक्षात्कार में पदों के चार गुणा अभ्यर्थियों के बजाए सिर्फ चार अभ्यर्थियों को ही बुलाया गया।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सुकन्या समृद्धि खातों में सांसद बोहरा ने डलवाये 5-5 हजार रुपए

जयपुर। सांसद रामचरण बोहरा ने भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जयपुर जीपीओ मं 40 से अधिक बच्चियों के सुकन्या समृध्दि खाते खुलवाए एवं खातों में 5-5 हजार रुपए की एफडी करवाई। इस दौरान सांसद बोहरा ने महिलाओं को महिला सम्मान बचत पत्र भी वितरित किए और 'पाती डाकिया को' नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। जैन सोशल ग्रुप के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर सांसद बोहरा ने कहा कि आज जिन कन्याओं के खाते खुलवा कर एफडी कराई जा रही है, उनके माता-पिता को हर वर्ष उन कन्याओं के खाते में मात्र 250-250 रुपये जमा कराने होंगे एवं जब वह बालिग हो जाएगी तब वह स्वयं पैसे निकाल सकती हैं। इस पैसे से बालिका की पढ़ाई लिखाई एवं शादी-ब्याह आदि में मदद मिलेगी। सांसद बोहरा ने आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला सम्मान बचत पत्र योजना की भी शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत महिलाओं को 2 लाख रुपए तक की राशि खाते में जमा कराने पर 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, यह ब्याज बैंकों द्वारा देय ब्याज से अधिक है। सांसद बोहरा ने कहा कि बड़े हर्ष की बात है कि जिन महिलाओं को आज सम्मान पत्र वितरित किए जा रहे हैं, उनमें से किसी महिला ने 75 हजार तो किसी ने 1 लाख रुपए खाते में जमा करवाएं हैं, इससे यह पता चलता है कि भारत की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है, केंद्र सरकार इसी तरह महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए योजनाएं लाती रहेंगी और हम नारी सशक्तिकरण की तरफ इसी तरह मजबूत होते रहेंगे।

सांसद रामचरण बोहरा ने भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना में जयपुर जीपीओ में 40 से अधिक बच्चियों के सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाए एवं उनमें 5-5 हजार रुपए की एफडी करवाई।

दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

जयपुर, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त दिवाकर पांडे को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने बिहार निवासी इस अभियुक्त पर 55 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा की नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने अदालत को बताया कि पीड़िता की मां ने 11 मई, 2019 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय बेटी लापता हैं। उसने अपने साथ एक फैक्ट्री में काम करने वाले दिवाकर पर शक जताया था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जनवरी, 2020 में अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया था। सुनवाई के दौरान अदालत के आमने आया की अभियुक्त पंद्रह वर्षीय पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने गांव ले गया था। यहां उसके उसे करीब 7 माह अपने साथ रखा और उसके साथ कई बार संबंध बनाए। इस दौरान अभियुक्त शादी के लिए उसे कोर्ट भी लेकर गया, लेकिन पीड़िता के नाबालिग होने के चलते उनकी शादी नहीं हो सकी।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:781 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:18.04.2023
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 113 / 34 (HIG), (एरिया 210.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री साहब सिंह जाटौन पुत्र श्री कमल सिंह जाटौन को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2939 दिनांक 31.01.2001 को जारी किया गया। श्री साहब सिंह जाटौन के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 19.04.2017 को उप पंजीयक-अष्टम जयपुर, के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री साहब सिंह जाटौन की मृत्यु दिनांक 24.04.2021 को हो जाने के कारण हकत्याग पत्र के आधार पर इनके पुत्र श्री राजेश सिंह जाटौन पुत्र स्व. श्री साहब सिंह जाटौन द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री राजेश सिंह जाटौन पुत्र स्व. श्री साहब सिंह जाटौन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा। **भवदीय,**
सम्पदा प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/104 दिनांक-18.04.203
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैकि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 65/233, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 46.080 वर्ग मीटर/ वर्ग गज का आवंटन श्री ओम प्रकाश माथुर पुत्र स्व. श्री एच. बी. माथुर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4294 दिनांक 27.2.1987 को जारी किया गया । इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.04.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात श्री ओम प्रकाश माथुर की मृत्यु दिनांक 06.08.2001 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती मणि माथुर पत्नी स्व. श्री ओम प्रकाश माथुर ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोईआपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती मणि माथुर पत्नी स्व. श्री ओम प्रकाश माथुर के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

खोया पाया

मैं दीपांशी खत्री पुत्री नरेश कुमार खत्री ये बयान करती हूँ कि मेरे कक्षा 10वीं के पास सर्टिफिकेट व मार्कशीट जो वर्ष 2021 में स्प्रिंग फिल्ड स्कूल से जारी किये थे, खो चुके हैं इंडेक्स नंबर 1211832/034

प्लॉट नं.233, गनतपुरा भांकरोटा, जयपुर का मूल आवंटन, कब्जापत्र जो श्रीमती निर्मला देवी के नाम से है जो निवासी स्थान से मैन रोड भांकरोटा में कहीं गिर गये, मिलने पर सूचित करें- 9782839247

मेरे मकान न.1-ख-9, जवाहर नगर, जयपुर के मूल दस्तावेज पजेशन लैटर, डिक्लेरेशन, नो ड्यूस सर्टिफिकेट कही गिर गये है। मिलने पर सूचित करे। 9929108749-शरद मिश्रा

(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 88/2023
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री रामदयाल बैरवा पुत्र श्री घीसाराम बैरवा, निवासी 316, जे.डी.ए. नगर, बस्ती गोवन्दपुरा, सांगानेर, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत न्यू जागृति सामाजिक सेवा संस्थान, मकान नं.37, इन्द्रपाल कॉलोनी शिकरपुरा रोड, वार्ड नं.98, सांगानेर, जयपुर 302029 के सम्बन्ध मे अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग मे उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 18.4.23 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 26.6.23
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

नाम परिवर्तन

मेरा नाम घर में अन्नू अग्रवाल के नाम से बोलते है और ड्यूक्यूमेंट में अनिता अग्रवाल पत्नि प्रमोद कुमार अग्रवाल है और दोनो एक ही है भविष्य में मुझे अनिता अग्रवाल के नाम से जाना जाए। पताः- दुकान नंबर- 6, इंद्रा कॉलोनी, बनी पार्क जयपुर

मेरी पुत्री की अंक तालिका 10वीं व 12वीं में विमला चौधरी गलत अंकित हो गया जबकि मेरा नाम विमला देवी है। मेरे को भविष्य में विमला देवी के नाम से ही जाना व पहचाना जावे पता- P.No.-53, पटेल विहार, गोल्यावास, मानसरोवर (जयपुर)

मेरी पुत्री की अंक तालिका 10वीं व 12वीं में शंकर लाल चौधरी गलत अंकित हो गया जबकि मेरा नाम शंकर लाल जाट है। मेरे को भविष्य में शंकर लाल जाट के नाम से ही जाना व पहचाना जावे पता- P.No.-53, पटेल विहार, गोल्यावास, मानसरोवर (जयपुर)

I, Niharika Singh Changed my Surname to Niharika Chauhan. D/o Wg. Cdr. Rohit Chauhan (Retd.) 27A/1 Kanti Chandra Road, Banipark, Jaipur, Rajasthan- 302016. w.i.f April 2023.

खण्डन आम सूचना

ग्राम बस्सी सीतारामपुरा तह.जयपुर जिला जयपुर में भूमि खसरा नं 22/23 रकबा 4 बीघा 10 बिस्वा स्थित है। जिसके बैचान का अनुबंध दिनांक 4.1.2006 ईस्वी को ही काबिज व अधिकारी श्री श्याम लाल खेडवाल पुत्र श्री नोरंगलाल जी खेडवाल निवासी चौहानों के कुंए के पास (शीतला स्कूल के पास) चूणा चौक फतेहपुर शेखावाटी जिला सीकर राजस्थान द्वारा मेरे अभिभाष्य श्री औमप्रकाश शर्मापुत्र श्री मदन लाल जी शर्मा निवासी 7 कल्याण नगर-प्रथम, मोरानी मोटर्स के पीछे, टोंक रोड जयपुर के हित मे किया गया था और भागिक प्रतिफल राशि प्राप्त कर ली गई थी और उसी के अनुक्रम में उक्त भूमि का माननीय राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा दिनांक 3.11.2022 ईस्वी को निर्णय पारित हो जाने के उपरान्त इकरारनामा दिनांक 04.01.2006 ईस्वी को यथावत प्रभावी करार देते हुए मेरे अभिभाष्य के हित में दिनांक 29.11.2022 ईस्वी को लिखकर निष्पादित कर दिया था और तत् समय भी उक्त विक्रेता श्री श्याम लाल खेडवाल द्वारा मेरे अभिभाष्य से सहमति अनुसार भागिक प्रतिफल राशि प्राप्त कर ली गई थी । जो कि इकरारनमा नोटेरी पब्लिक द्वारा अपने रजि. में दर्ज किया जाकर विधिवत् अनुप्रमाणित किया गया था इस प्रकार उक्त भूमि मेरे अभिभाष्य के हित में उक्त श्री श्याम लाल खेडवाल द्वारा विधिवत् बैचान से अनुबंधित है परिणमतः मेरे अभिभाष्य सहित उनके पुत्र दीपक शर्मा के हित मे उक्त भूमि के बैचान आदि की लिखा-पढी कानूनन प्रभावी व मान्य हैएवं तयशुदा शर्तों अनुसार मेरा अभिभाष्य उक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित में पंजीकृत कराने का कानूनन अधिकारी है। किन्तु उक्त श्री श्याम लाल खेडवाल की नियत में खोट व बईमानी आ जाने के कारण से मेरे अभिभाष्य को उसके विधिक हितों एवं अधिकारों से वंचित व विफल करने के इरादे से उक्त भूमि के बाबत मेरे अभिभाष्य के हित में लिखित व निष्पादित इकरारनामा, मुख्त्यारनामा व श्री दीपक शर्मा के हित मे लिखित व निष्पादित वसीयतनामा को निरस्त कराये जाने की झूठी व भ्रामक सूचना का प्रकाशन अपने अधिवक्ता श्री जय कौशिक एडवोकेट के मार्फत् दैनिक भास्कर, फतेहपुर संस्करण में दिनांक 18.4.2023 ईस्वी को कराया है। जो कि उक्त सूचना पूर्णतया मिथ्या व भ्रामक है जिसका मेरे अभिभाष्य द्वारा सिरे से खण्डन किया जाता है साथ ही उक्त भूमि सम्पूर्ण या उसके किसी भी भाग को कोईभी व्यक्ति कम्पनी आदि खरीद फरोख्त का संव्यवहार नहीं करें अन्यथा ऐसा कृत्य आपराधिक व गैर कानूनी होने के साथ ही मेरे अभिभाष्य के विधिक हितों एवं अधिकारों के मुकाबले प्रारम्भ से ही शून्य व आमन्य होगा। कृपया सूचित रहें।
LAWYER -N.S " ADITYA-SHIVANSH" RAJ. HIGH COURT JAIPUR Mob. No. 9785105424

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र निवाई (न.पा.नि.) (जिला-टोंक)
क्रमांक-का.प्रा.अधि.न.क्षे.नि./कृ.भू./2023-24/501 दिनांक-18/04/2023
प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका निवाई
लोक सूचना
श्री/श्रीमति कांता देवी आशाराम पत्नी आशाराम उर्फ अशोक कुमार, चंचल पुत्री दिलीप कुमार, द्वारका प्रसाद पुत्र नारायणी पत्नी आशाराम उर्फ अशोक कुमार, भगवती देवी पुत्री नारायणी पत्नी आशाराम उर्फ अशोक कुमार, मधुबाला पत्नी दिलीप कुमार, सौरभ पुत्र दिलीप कुमार निवासी एच हरपाल सिंह रोड नई दिल्ली, ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक से (कृषि आधारित औद्योगिक प्रयोजनार्थ) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्र
1	कस्बा निवाई तह.निवाई जिला टोंक	निवाई	2474/1, 2480/1 2474/2, 240/2	कुल कीता-04 रकबा-13 बीघा 10 बिस्वा

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज..... को जारी की जाती है।
(श्रीमति महिमा डांगी) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र निवाई

नव घोषित जिलों को लेकर गतिरोध जारी

विराटनगर क्षेत्र को जयपुर जिले में रखने की मांग, सरकार की सद्बुद्धि के लिए हवन किया

पावटा, (निसं)। विराटनगर क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने के लिए संघर्ष समिति द्वारा धरना स्थल पर मंगलवार को सद्बुद्धि यज्ञ हवन किया गया। पंडित विमलेश कौशिक, पंडित योगेश कौशिक द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन कार्य करा कर हवन कार्य संपन्न कराया गया।

मंगलवार की दोपहर धरना स्थल पर एकत्रित होकर जनप्रतिनिधियों सहित लोगों ने विराटनगर क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने के लिए मंत्रोच्चारण के मध्य हवन में आहुतियां डाली। भगवान से गुहार लगाई कि वह सरकार को सद्बुद्धि दे ताकि सरकार अपने तानाशाह रवैये को छोड़कर विराटनगर क्षेत्रवासियों की मनोस्थिति को समझे और शीघ्रातिशीघ्र अपने निर्णय को वापस ले। लोगों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अभी तो विराटनगर क्षेत्रवासी शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर सरकार ने शीघ्र ही फैसला नहीं बदला तो सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

विराटनगर को जयपुर जिले में यथावत रखने के लिए संघर्ष समिति ने हवन यज्ञ किया।

संघर्ष समिति के सदस्य पवन शर्मा ने कहा सरकार विराटनगर क्षेत्र के धैर्य की परीक्षा ना ले क्षेत्र के साथ अन्याय किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार या तो विराटनगर को जिला बनाए या जयपुर जिले में यथावत रखा जाए। इस दौरान संघर्ष समिति के जगदीश यादव, सेवानिवृत्त अधिकारी बाबूलाल रुडंला, पवन शर्मा जवानपुरा, पूर्व सरपंच संतोष मोदी, भोमराज चेची, शिवदान फागणा, रमेश शर्मा खातोलाई, रविन्द्र कानव, गिरिराज सिंह, विजय जांगिड, डॉ विवेक भिंडा, लोकेश कुमार शर्मा, मूलचंद सैनी, पूरणमल चौधरी, ओमप्रकाश, विकास शर्मा, कैलाश चंद्र शर्मा, साधु राम जाट, लाला राम जाट, रामजी लाल शर्मा, पूरणमल शर्मा, दौलत राम, हनुमान सहाय, कालूराम गुर्जर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

टोंक जिले को अजमेर संभाग से हटाकर जयपुर संभाग में शामिल किए जाने की मांग की

टोंक को जयपुर संभाग में शामिल करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर शुरु

निवाई, (निसं)। विधायक प्रशांत बैरवा द्वारा टोंक जिले को अजमेर संभाग से हटाकर जयपुर संभाग में शामिल किए जाने की मांग को लेकर झिलाय मंडल से हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई।

मंडल अध्यक्ष एडवोकेट उम्मेद सिंह कसाना ने बताया कि अभियान के शुभारंभ से पूर्व मंडल के कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष शंकर चौधरी की मौजूदगी में खिडगी मोड के समीप एकत्रित हुए। जहां पुरजोर समर्थन के साथ कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत का आव्हान किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिए गांव व ढाणी तक लेकर जाने का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर गोविन्दनारायण चौधरी, देवा पोसवाल, राजेन्द्र चौधरी, मोती गुर्जर, राजु मीणा, श्योजी पायलेट, राकेश राजावत, रमजानी मसुरी, आसीफ,

टोंक को जयपुर संभाग में शामिल करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरु किया।

रामसहाय, हरीपुरा, पप्पू गुर्जर, खेमराज प्रजापत, सुरेश सिंगवाडिया, हरिनारायण गुर्जर, रामलाल चौधरी, प्रभु, किशन चौधरी, दामोदर बलाई व गोपाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

दो बाइकों की टक्कर में तीन जनों की मौत

- पिता की मौत, बेटे की हालत गंभीर, एक ही गांव के दो लोगों ने दम तोड़ा

बीकानेर, (निसं)। नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार में बाइक चला रहे तीन युवकों की मौत हो गई। हादस में देर रात श्रीडूंगरगढ़ में दो बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। घायल युवकों को गंभीर हालत में पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। रात करीब 10 बजे से एक बजे के बीच तीन युवकों ने दम तोड़ दिया।

दरअसल, श्रीडूंगरगढ़ के गांव लखासर के युवक नारायण सिंह और तख्तसिंह श्रीडूंगरगढ़ से लखासर की ओर जा रहे थे। वहीं, सामने से कोलायत तहसील के गांव गिरजसर निवासी मोतीराम नाई और उसका बेटा डूंगरराम नाई श्रीडूंगरगढ़ की ओर आ रहे थे। रात करीब 9.30 बजे हाइवे पर हेमासर फांटे के पास दोनों बाइक में की आमने सामने की टक्कर हो गई। दोनों बाइक पर चार लोग सवार थे। चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने इन्हें अस्पताल पहुंचाया। एम्बुलेंस ने घायलों को श्रीडूंगरगढ़ चिकित्सालय पहुंचाया। यहां पहुंचने पर रात करीब 10 बजे नारायण सिंह को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

बाकी तीनों घायलों को बीकानेर ट्रोमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बीकानेर ट्रोमा सेंटर पहुंचने से पहले रात करीब 12 बजे मोतीराम नाई ने भी दम तोड़ दिया। वहीं, ट्रोमा सेंटर में तख्तसिंह की हालत गंभीर हो गई। उसे जयपुर रेफर किया गया। परिजन उसे लेकर जयपुर रवाना हो गए थे। रास्ते में श्रीडूंगरगढ़ पहुंचते पहुंचते तख्तसिंह ने करीब 1 बजे दम तोड़ दिया।

घटना के चौथे घायल डूंगरराम की स्थिति भी गम्भीर है। वो ट्रोमा सेंटर के रेड एरिया में भर्ती है। लखासर के दो युवकों की मौत के बाद गांव में शोक की लहर छा गई है। सरपंच प्रतिनिधि गोवर्द्धन खिलेरी सहित गांव के लोग श्रीडूंगरगढ़ हॉस्पिटल पहुंचे है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

आबकारी टीम पर हमला, सात घायल

मालपुरा, (निसं)। टोडारायसिंह थाना क्षेत्र के सनोदिया गांव में आबकारी विभाग की टीम द्वारा एक मकान में अवैध शराब के स्टॉक पर की गई कार्यवाही के दौरान हुए हमले में आबकारी अधिकारी सहित 7 जवान घायल हो गये। तीन घायलों को चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर किया गया। हमले की सूचना मिलने पर डीवाईएसपी सुशील मान टोडारायसिंह अस्पताल पहुंचे। घायल आबकारी सहायक अधिकारी कैलाश प्रजापति, आबकारी थाना सीआई निर्मला चौधरी सहित घायल जवानों की कुशलक्षेप पूछी।

- टीम द्वारा एक मकान में अवैध शराब के स्टॉक पर की कार्यवाही गई थी

आबकारी सीआई निर्मला चौधरी ने बताया कि सनोदिया गांव में एक घर में बड़ी मात्रा में अवैध शराब का स्टॉक होने की मुखबीर से मिली सूचना पर टीम के साथ दबिश की कार्यवाही की गई। इसी दौरान मौजूद लोगों ने टीम पर पत्थर व लाठियों से हमला कर दिया। तीन घायलों को जयपुर रैफर किया।

एस.बी.सी. डिपो मैनेजर सात हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

बिल काटने व चालान सेव करने के लिए मांगी थी मंथली, गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान स्टेट बेवरेजेज कारपोरेशन (एस.बी.सी.) लिमिटेड के डिपो मैनेजर को सात हजार रुपए की रिश्वत लेते मंगलवार को एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया। रिश्वतखोर मैनेजर शिकायकर्ता से आवंटित शराब की दुकान के माल का बिल काटने और चालान सेव करने की एवज में तीन हजार रुपए मंथली मांग परेशान कर रहा था।

अजमेर एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू ने बताया कि एसीबी टीम ने कार्यवाही करते हुए सात हजार की रिश्वत लेते राजस्थान स्टेट बेवरेजेज कारपोरेशन लिमिटेड के डिपो मैनेजर को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता द्वारा एसीबी को शिकायत दी गई कि आबकारी विभाग द्वारा आवंटित शराब की दुकान के माल का बिल काटने एवं चालान सेव करने की एवज में पिछले 3 महीने के प्रति माह 3 हजार रुपए बंदी के रूप में राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन के डिपो मैनेजर दीपक खत्री के द्वारा 9 हजार रुपए की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। शिकायतकर्ता से मिली शिकायत

रिश्वतखोर डिपो मैनेजर खत्री

का सत्यापन किया जाकर मंगलवार को पुलिस निरीक्षक नरेश चौहान द्वारा परिवादी से 7 हजार की रिश्वत लेते डिपो मैनेजर दीपक खत्री को गिरफ्तार किया गया। आरोपी डिपो मैनेजर द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान परिवादी से 2 हजार रुपए की रिश्वत राशि के रूप में पहले ही वसूल ली थी। एसीबी गिरफ्तार किए गए डिपो मैनेजर से मामले में पूछताछ कर रही है। एडिशनल एसपी अतुल साहू ने बताया कि एसीबी के द्वारा आरोपी डिपो मैनेजर के आवास और अन्य ठिकानों पर भी तलाशी जारी है।

पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

- आरोपी पहले भी रिश्वत मामले में पकड़ा जा चुका है व दंडित हो चुका है
- प्रतापगढ़ कार्यालय उप पंजीयक सहकारी समितियां के कनिष्ठ सहायक को पकड़ा

उदयपुर, (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तौडगढ़ इकाई ने प्रतापगढ़ कार्यालय उप पंजीयक सहकारी समितियां के कनिष्ठ सहायक को पचास हजार रूपये रिश्वत लेने के मामले में रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी पूर्व में भी रिश्वत लेने के मामले में न्यायालय द्वारा दण्डित हो चुका है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त पिय्रदर्शी ने बताया कि एसीबी की चित्तौढ़ गढ इकाई परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि सहकारी समितियों की नवीन कार्यकारिणी के गठन के पश्चात सर्टिफाईड प्रतिलिपि देने की पत्रावली को क्लीयर करने की एवज में भागीरथ गोदारा कनिष्ठ हसहायक कार्यालय उप पंजीयक सहकारी समितियां प्रतापगढ द्वारा 50 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी ब्यूरो उदयपुर के उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में एसीबी की चित्तौड़गढ़ इकाई को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सान्दू के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया।

इस पर ब्यूरों की टीम ने मंगलवार को प्रतापगढ़ में ट्रेप कार्यवाही करते हुए भागीरथ गोदारा पुत्र धन्नाराम निवासी धनकोली नागौर हॉल कनिष्ठ सहायक कार्यालय उप पंजीयक सहकारी समितियां प्रतापगढ़ को परिवादी से 50 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि आरोपी कनिष्ठ सहायक पूर्व में वर्ष 2002 में नागौर एसीबी द्वारा 2300 रूपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। उक्त प्रकरण में न्यायालय द्वारा आरोपी को दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी। उक्त मामले में सेवा से बर्खास्त होने के पश्चात न्यायालय के आदेश पर वापस सेवा में आया था। ब्यूरो टीम द्वारा आरोपी के मकान पर तलाशी की जा कर उससे पूछताछ की जा रही है।

सामोद के पास कालबेलिया कच्ची बस्ती में लगी आग

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमूं उपखण्ड के गांव सामोद के पास बंदौल स्थित कालबेलिया कच्ची बस्ती में अज्ञात कारणों से मंगलवार को भीषण आग लग गई। आग लगने से कालबेलिया कच्ची बस्ती के लगभग पांच कच्चे छप्पर जल कर राख हो गए। आग लगने से कच्चे छप्परों में रखा खाद्य सामान, कपड़े व घरेलू सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग ज्यादा फेलते देख स्थानीय लोगों ने अग्निशमन अधिकारी को सूचना दी।

अग्निशमन अधिकारी अर्जुन लाल

सामोद के पास बंदौल स्थित कालबेलिया कच्ची बस्ती में आग लग गई।

गुर्जर ने दो दमकलओं को मौके के लिए रवाना किया। मौके पर पहुंची दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन कच्चे छप्परो में रखा सामान सब कुछ जल कर राख हो गया। घटनास्थल पर सामोद पुलिस भी पहुंची। इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई गनीमत रही कि समय रहते कच्चे घरों से गैस सिलेण्डर को निकाल लिया। यदि सिलेण्डर अन्दर ही फट जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं आग लगने की घटना की सूचना पाकर विधायक रामलाल शर्मा परिवार से मिलने मोके पर पहुँचे। विधायक रामलाल शर्मा ने अग्नि पीड़ित परिवार के सदस्यों सुभाष मान, हीरालाल, मुकेश नाथ, महेंद्र नाथ, कमाल नाथ को ढाढस बँधवाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक रामलाल शर्मा ने मौक़े पर से ही उच्च अधिकारियों से बात कर इस घटना की जानकारी देते हुए तत्काल मदद करने की बात कही।

छात्रा से अध्यापक ने की अश्लील हरकतें

जोधपुर, (कासं)। शहर के भगत की कोठी स्थित एक निजी स्कूल में चल रही पांचवीं बोर्ड परीक्षा में छात्रा से सरकारी स्कूल अध्यापक ने अश्लील हरकतें की। बच्ची खुद एक निजी स्कूल में पढ़ती है। घटना सोमवार की सुबह हुई थी। बाद परीक्षा छुट्टी के बच्ची स्कूल पहुंची और अपने टीचर्स को यह जानकारी दी। फिर अभिभावकों को इसकी जानकारी दी गई। अब बच्ची के पिता की तरफ से सरकारी स्कूल अध्यापक के खिलाफ पॉक्सो में केस दर्ज करवाया गया है।

पुलिस निरीक्षक सुनील चारण ने बताया कि सोमवार को पांचवीं बोर्ड की परीक्षा की चल रही थी। एक निजी स्कूल में प्राईवेट स्कूल की बच्ची परीक्षा दे रही थी। सुबह की पारी में बच्ची कमरें में परीक्षा दे रही थी तब एक सरकारी स्कूल अध्यापक की ड्यूटी वहां पर थी। इस सरकारी स्कूल अध्यापक ने बच्ची से अश्लील हरकतें की। बच्ची इससे सहम सी गई।

फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के मामले में पांच गिरफ्तार

धौलपुर, (निसं)। धौलपुर जिले की नादनपुर थाना पुलिस ने ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी के मामले में करीब 3 साल से फरार चल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रामअवतार बैरवा ने बताया कि बरई पुरा सरमथुरा निवासी पूरन पुत्र शिवदयाल कुशवाह, घड़ी सरमथुरा निवासी दयाराम पुत्र रामनारायण मीना, लीलोठी नादनपुर निवासी रिंकू पुत्र बुददु मीना, खैमरी निवासी भूरी सिंह पुत्र भवूतीराम मीना और गैंदापुरा निवासी राजबहादुर उर्फ पप्पू पुत्र सोनपाल मीना को गिरफ्तार किया है। इन्होंने ग्राम पंचायत ताजपुरा के ग्राम विकास अधिकारी (वी.डी.ओ.) की पोर्टल आईडी व पासवर्ड हैक कर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2020 में ताजपुरा ग्राम पंचायत के विकास अधिकारी सत्यवीर सिंह ने कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जिसमें उसने बताया था कि किसी ने उसकी पंचायत के पोर्टल आईडी व पासवर्ड हैक कर लिए गए हैं। हैक होने के बाद उस आईडी से 25 फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए हैं। आईडी से जो 25 फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए हैं वो ताजपुरा ग्राम पंचायत के रहने वाले नहीं थे। तभी से पुलिस मामले में सक्रियता से कार्य कर रही थी।

ए.टी.एम. लूटने के प्रयास मामले में दो गिरफ्तार

सूरजगढ़, (निसं)। चिड़ावा बाईपास पर एसबीआई के एटीएम को लूटने की नाकाम कोशिश करने के मामले में पुलिस ने सफलता प्राप्त कर ली है। पुलिस ने इस मामले में शामिल हिसार हरियाणा के दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएचओ रविंद्र कुमार ने बताया कि एसबीआई बैंक के एटीएम के रख रखाव करने वाली हिताची पेमेंट सर्विसेज प्रालि कंपनी के प्रतिनिधि अभिषेक सेवदा ने थाने में मामला दर्ज कराया था कि अज्ञात लोगों ने सात अप्रेल की रात को सूरजगढ़ थाना इलाके के चिड़ावा बाईपास पर एसबीआई की एटीएम को तोड़कर उसमें से रूपए निकालने की कोशिश की। इस एटीएम में करीब 35 लाख 47 हजार रूपए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिसके बाद पुलिस आरोपियों से जुड़े इनपुट को जुटाते जुटाते हरियाणा के हिसार पहुंची। जहां से दो युवकों हिसार के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के 27 वर्षीय मोहन उर्फ मोनू पुत्र जयप्रकाश ब्राह्मण तथा इसी थाना इलाके के लाजपत नगर निवासी 24 वर्षीय तनीष ललित पुत्र धर्मपाल पंजाबी को राउंडअप किया और उनसे पूछताछ की। जिसमें उन्होंने इस वारदात में शामिल होना कबूला है। एसएचओ रविंद्र कुमार ने बताया कि इस वारदात में मोहन उर्फ मोनू तथा तनीष ललित के साथ दो और शातिर बदमाश थे। जो फरार चल रहे है। वारदात में एक कार को काम लिया गया था जो मनीष उर्फ मोनू तथा तनीष ललित अपने दोस्त से किराए पर बोलकर लेकर आए थे। इसी कार का पीछा करते करते पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

एसएचओ रविंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले की जांच में सामने आया कि बदमाशों ने एटीएम को तोड़ने से पहले काफी देर तक एक-डेढ़ किलोमीटर में इलाके की रैकी की। बार-बार चक्कर लगाती कार जब पुलिस को सीसीटीवी कैमरों में दिखी तो पुलिस को इसी कार पर शक हुआ और पुलिस ने कड़ी से कड़ी मिलाते हुए आरोपियों को दबोच लिया। वहीं प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि बदमाशों ने लगभग 90 प्रतिशत तक एटीएम को क्षतिग्रस्त कर लिया था। लेकिन इस दौरान पुलिस की गाड़ी की लाइट देखकर बदमाश हड़बड़ा गए और मौके से भाग छूटे। वारदात के बाद भी बदमाश अपने घर जाने की बजाय छुपते रहे। लेकिन पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों को दबोच लिया है। वहीं दो अन्य आरोपियों को नामजद कर लिया है। वहीं पुलिस आरोपियों से वारदात में काम ली गई कार को भी बरामद की कोशिश कर रही है।

तीन बच्चों के साथ मां कुएं में डूबी

उदयपुर, (कासं)। मवेशियों को लेकर जा रही महिला कुएं में गिरने पर उसके साथ दो पुत्र एवं पुत्री ने भी कुए में छलांग लगा दी। जिससे चारों की पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मा बेटे व बेटी को बाहर निकाल पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

प्रकरण के अनुसार पीडित दीताराम पुत्र कमजी गमेती ने निवासी गोडावन फला बछार थाना नाई ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मंगलवार सवेरे मेरी पत्नी नवली बाई, मेरे दोनों पुत्र अजय व मयंक तथा पुत्री चंचल कुमारी के साथ घर से सवेरे खेत पर मवेशियों के लिए घास लेने गई थी। बीच रास्ते में जनजाति छात्रावास के पास स्थित सरकारीकुए के पास से गुजरते हुए पाव फिसलने से मेरी पत्नी कुए में गिर गई। इसको देख तीनों बच्चे मां मां चिल्लाते हुए कुए में गिर गए। इसको देख हो हल्ला सुन कर ग्रामीणों की भीड इकठ्ठा हो गई।

इस पर मै भी मौके पर पहुंचा। जहां से पत्नी व बच्चों को बाहर निकाल उदयपुर एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सभीको मृत घोषित कर दिया। इस पर थानाधिकारी श्यामसिंह रत्नू मय टीम ने मृतका के पीहर डोडावली से परिजनों को बुलवा कर उनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप कर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

नरैना पालिका पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पार्षद व आमजन धरने पर बैठे

पार्षदों ने पालिका पर इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में अपने चहेतों को घर बैठे ही लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया

नरैना, (निसं)। नगर पालिका में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर मंगलवार को वार्ड पार्षद विजय माचीवाल, रामप्रसाद शर्मा, गिरिराज नावरिया, कैलाश चंद शर्मा सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष नटवर पारीक, पंडित रामप्रकाश शर्मा, लादूराम साहू, राजू गुर्जर, गणपत, मोइनुद्दीन सहित काफी तादात में महिला-पुरुष 31 सूत्री मांगों को लेकर नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

पार्षदों ने नरेना नगर पालिका पर इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में अपने चहेतों को घर बैठे ही लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। वहीं नगर पालिका चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी के द्वारा पार्षदों का फोन नहीं उठाने के भी आरोप लगाए हैं। पार्षदों ने बताया कि नगर पालिका में हो रही अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत से जिला कलेक्टर, स्वायत्त शासन विभाग और उपखंड अधिकारी

- दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की

को भी अवगत करा चुके हैं बावजूद मामले की जांच नहीं कराई गई। ऐसे में आक्रोशित पार्षद और कस्बेवासी नगरपालिका के बाहर भ्रष्टाचार की जांच कराने सहित 31 सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठे।

इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन धन्नालाल जाट, कनिष्ठ अभियंता दिनेश मीणा आदि ने धरने पर बैठे वार्ड पार्षद और ग्रामीणों से समझाइश की परंतु वार्ड पार्षद व कस्बेवासी उच्च अधिकारियों से मिलकर वार्ता करने के व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसी के साथ पार्षदों ने अधिशाषी अधिकारी के नाम कनिष्ठ अभियंता को क्रमिक पर बैठने बाबत ज्ञापन सौंपा।

धरने पर बैठे हुए पार्षद व कस्बेवासी।

संक्षिप्त

स्कूटी सवार महिला के गले से चेन तोड़ी

जयपुर । विधाधर नगर इलाके में बाइक बदमाश चलती स्कूटी पर एक महिला की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया साकेत कॉलोनी, मुरलीपुरा निवासी पिंकी शर्मा ने रिपोर्ट दी है कि 16 अप्रैल की रात करीब 9 बजे अपनी सास को स्कूटी पर बिठा कर बियानी कॉलेज की तरफ से घर जा रही थी। इस दौरान केसरी मोबाइल के पास बाइक सवार बदमाश चलती स्कूटी पर पीछे बैठी सास के गले पर झपट्टा मार सोने की चेन तोड़ ले गए। वहीं, मुरलीपुरा इलाके में गौरस भंडार के पास बाइक सवार स्नेचर दिलीप सिंह का मोबाइल छीन ले गए। इधर, सांगानेर सदर थाना क्षेत्र में सीतापुरा स्थित ग्लोबल सर्किल के पास 16 अप्रैल की रात करीब 10 बजे बाइक सवार बदमाश मोहन लाल का मोबाइल छीन ले गए।

पार्षद दुलारिया ने 35 पट्टे बांटे

जयपुर । ग्रेटर निगम के वार्ड 31के पार्षद लादूराम दुलारिया ने कृष्णा कॉलोनी स्कीम नंबर 1 से 3 तक के लोगों को पट्टे वितरण किए गए। जिसमें मुख्य रुप से उमेश देवतवाल, लादूराम सोकरिया, सोनी देवी ठेकेदारनी, रामदेव, मोहनलाल, जीवन और सुखदेव व कमला देवी समेत अन्य लोगों को 35 पट्टे दिए गए। कृष्णा कॉलोनी के निवासियों ने मिठाइयां बांटकर और फूल मालाएं पहनाकर पार्षद दुलारिया का स्वागत किया।

वाहन चोर गिरोह के 2 बदमाश दबोचे

जयपुर । मानसरोवर थाना पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी की पांच बाइक बरामद की है। वहीं, पुलिस पूछताछ में आरोपियों से करीब एक दर्जन से अधिक वाहन चोरी की वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। डीसीपी (साउथ) योगेश गोयल ने बताया आरोपित गौरव शर्मा (20) निवासी महवा और जगमोहन मीणा (24) निवासी खौचपुरी जिला दौसा को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से चोरी की पांच बाइक बरामद की गई है।

कैफे संचालक का अपहरण किया

जयपुर । रामनगरिया इलाके में बदमाश एक एक कैफे संचालक का अपहरण कर ले गए। जांच-अधिकारी एएसआई छुट्टन लाल ने बताया गांव गंभीरा जिला सवा माधोपुर निवासी सुनील गंभीरा (20) अपनी बुआ के लड़के नाहर सिंह के साथ इलाके स्थित 7 नंबर बस स्टैंड के पास कैफे का संचालन करता है। घटनाक्रम के मुताबिक 16 अप्रैल की रात करीब साढ़े 10 बजे बलराम मीणा अपने साथी सहित गाड़ी से आया और मारपीट कर सुनील का गाड़ी में अपहरण कर ले गया। पुलिस का कहना है संभवतया आपसी लेन देन के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

धोखाधड़ी मामले में महिला गिरफ्तार

जयपुर । प्रताप नगर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपित महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार महिला रेखा देवी (58) विजय नगर जिला पटना बिहार हाल कृष्णा नगर, मोतिहारी जिला पूर्वी चम्पारण, बिहार की रहने वाली है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

नौकरी के नाम पर 20 लाख रु. हड़पे

जयपुर (कासं)। विधाधर नगर इलाके में एक व्यक्ति से नौकरी के नाम पर 20 लाख रूपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया बालाजी बिहार-11, विधाधर नगर निवासी वीरेंद्र सिंह ने इस्तगासे के जरिए रिपोर्ट दी है। आरोप है परिचित कमल किशोर ने उसके भाई को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 20 लाख रूपए हड़प लिए और अब तक नौकरी नहीं लगवाई। रूपए मांगने पर आनाकानी करता है।

जमीनी धोखाधड़ी में 2 आरोपी पकड़े

जयपुर । बजाज नगर पुलिस ने जमीनी धोखाधड़ी के मामले में 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया आरोपित जयकरण पूनियां (48) निवासी मोतीनगर, चित्रकूट और रामकरण चौधरी (49) निवासी अरावली पथ, मानसरोवर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने पूर्व में गिरफ्तार मास्टरमाइंड सुनील जैन द्वारा कराए गए फर्जी दस्तावेजों पर गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए थे।

पुलिस वाहन को टक्कर मारकर जवानों को कुचलने की कोशिश

भांकरोटा इलाके में कार सवार बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया

- आरोपी ने अपनी गाड़ी आगे-पीछे लेकर पुलिस की जीप को कई बार टक्कर मारी
- बदमाश को पकड़ने के लिए पुलिस ने पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आ सका

जयपुर (कासं)। भांकरोटा इलाके में पुलिस टीम पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पुलिस गाड़ी (चेतक) को कार सवार बदमाश ने सामने से टक्कर मारी। कई बार आगे-पीछे लेकर टक्कर मारकर आरोपी फरार हो गया। भांकरोटा पुलिस ने बदमाश को पकड़ने के लिए पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। पुलिस ने एक संदिग्ध कार को जब्त करने के साथ हमल कर भागे कार सवार की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि हेड कॉन्स्टेबल सोहनलाल, कॉन्स्टेबल ड्राइवर संदीप कुमार और कॉन्स्टेबल अजय सिंह पर जानलेवा हमला हुआ। गत 17 अप्रैल को पुलिस टीम के जवान चेतक से गश्त कर रहे थे। सुबह करीब 4:15 बजे तरूछाया रेजीडेंसी के पास एक बीट कार रोड पर खड़ी थी। कार के पीछे की ब्रेक लाइट व सामने की बाये साइड की लाइट जली हुई थी। चैक करने पर स्टेयरिंग लॉक टूटा हुआ था। ड्राइवर साइड का शीशा खुला था। आस-पास चेक करने पर कोई भी व्यक्ति नहीं मिला।

इसी दौरान निर्माण नगर रोड की तरफ से रॉन्ग साइड से एक सफेद रंग की कार आती दिखाई दी। संदिग्ध प्रतीत होने पर कॉन्स्टेबल ड्राइवर संदीप ने लाइट डिप्पर का इशारा देकर रोकने का इशारा किया। तेजी से आ रही कार ने सामने से चेतक को टक्कर मारी। हेड कॉन्स्टेबल सोहनलाल व कॉन्स्टेबल अजय सिंह ने कार को रूकवाने का प्रयास किया। बदमाश ने कार को तीन-चार बार कार को आगे-पीछे कर चेतक को टक्कर मारी। पुलिस टीम के तीनों जवानों को जान से मारने का प्रयास किया।

टक्कर मारने के बाद अंधेरे का फायदा उठाकर अजमेर रोड की तरफ भाग गया। पुलिस टीम ने कार सवार को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन रिंग रोड पर नजरों से ओंझल होने से फरार हो गया। पुलिस ने रोड किनारे खड़ी मिली संदिग्ध कार को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवाया है। पुलिस टीम पर हमला करने वाले कार सवार बदमाश की तलाश की जा रही है।

जेवरात के साथ दो चोर पकड़े

जयपुर । भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चुराए गए जेवरात सहित वारदात में प्रयुक्त एक बिना बाइक जब्त की है।

थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया आरोपित नासिर उर्फ नस्सू (32) और जमीन अहमद उर्फ बेवडा (70) निवासी ट्रांसपोर्ट नगर हाल खोह नागोरियान को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से चुराए गए सोने-चांदी के जेवरात जब्त किए गए है। आरोपित बिना नम्बर की बाइक से ज्वैलर्स शॉप में जाते हैं और आभूषण दिखाने की कहकर दुकानदार का ध्यान भटका कर जेवरात चोरी कर ले जाते हैं। आरोपियों ने करधनी, आमेर, करणी विहार थाना इलाके के सहित अन्य क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। इधर, कोटखाबदा थाना पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी विजय सिंह ने बताया आरोपित घनश्याम उर्फ गन्या मीना निवासी रामनगर कोटखावदा और बाबूलाल उर्फ साल्या मीना निवासी रामनगर कोटखावदा को गिरफ्तार किया गया है।

मारूति सुजुकी ने पेश की नई शक्तिशाली 'सुपर कैरी'

जयपुर, (कासं)। मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने हल्के कॉमर्शियल वाहन सुपर कैरी का उन्नत संस्करण पेश करने की घोषणा की है। बेहतर गुणवत्ता और प्रदर्शन को महत्व देने वालों के लिए निर्मित, सुपर कैरी अब मारूति सुजुकी के उन्नत 1.2 लीटर, के-सीरीज डुअल जेट, डुअल वीवीटी इंजन द्वारा संचालित है।

मारूति सुजुकी का सुपर कैरी मिनी-ट्रक 4 सिलेंडर इंजन द्वारा संचालित है, जो अब पेट्रोल मॉडल में 6000 आरपीएम पर 59.4 किलोवाट की अधिकतम पावर और 2900 आरपीएम पर 104.4 एनएम का अधिकतम टॉर्क के साथ बेहतर प्रदर्शन प्रदान करता है। नए इंजन को उन्नत फाइव-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन से जोड़ा गया है, जो बेहतर ग्रेडेबिलिटी प्रदान करता है जिससे ग्राहको को पहले की तुलना में अधिक बेहतर ग्रेडिएंट ड्राइव का अनुभव मिलता है।

मारूति सुजुकी के मार्केटिंग एंड सेल्स शाखा के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि मारूति सुजुकी हमेशा ऐसे उत्पादों को पेश करने में भरोसा रखती है, जो ग्राहको की अपेक्षाओं से कहीं अधिक हो। भारतीय मिनी-ट्रक ग्राहकों की अनूठी जरूरतों के लिए निर्मित सुपर कैरी को कमर्शियल वाहन खंड में अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है, 2016 में लॉन्च होने के बाद से इसकी 1.5 लाख यूनिट्स बिक चुकी है। नई सुपर कैरी ग्राहको को एक उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करना आगे भी जारी रखेगी।

शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि नई सुपर कैरी के लॉन्च के साथ, मारूति सुजुकी ने एक नया सीएनजी कैब चेसिस वेरिएंट भी पेश किया है। ये मिनी ट्रक सीएनजी डेक, गेसोलाइन डेक और गैसोलाइन कैब चैसिस वेरिएंट में उपलब्ध है। नई सुपर कैरी एक भरोसेममंद मिनी ट्रक है, जो फ्रंट डिस्क ब्रेक्स, रिवर्स पार्किंग सेंसर और सीट बेल्ट रिमाइंडर्स जैसे सेफ्टी फीचर्स के साथ एक नए इंजन इमोबिलाइजर सिस्टम से सुसज्जित है बेहतर गतिशीलता को सक्षम बनाने के लिए, हल्के संचालन के साथ एक बड़ा स्टीयरिंग व्हील ड्राइविंग को आरामदायक बनाता है। कार जैसा स्मूथ गियर शिफ्ट और बेहतर राइड कम्फर्ट इसके आकर्षण को बढ़ाता है।

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने मानसिक विमंदित बच्चों की संस्था का निरीक्षण किया

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर स्थित सोसायटी फॉर वेलफेयर ऑफ मेंटली हेन्डीकेप्ड द्वारा संचालित श्रीनिर्मल विवेक विशेष विद्यालय, हॉस्टल एवं वी.टी.सी. में वर्तमान में विभिन्न श्रेणियों के विशिष्ट बच्चे शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संस्था विशिष्ट बच्चों के उत्थान के लिए विगत 34 वर्षों से इस क्षेत्र में निरन्तर प्रयासरत है।

संस्था द्वारा संचालित श्रीनिर्मल विवेक स्पेशल स्कूल, हॉस्टल एवं वी.टी.सी. का अवलोकन आज पूर्व राष्ट्रपति के द्वारा किया गया।

पूर्व राष्ट्रपति का संस्था परिसर मेमं विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं संस्था के कार्यकारी सदस्यों के साथ उपाध्यक्ष वी.सी.मेहता ने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द का भावभीना स्वागत किया।

पूर्व राष्ट्रपति ने संस्था के संस्थापक स्व. श्रीपाल चन्द मेहता एवं स्व. निर्मला मेहता को पुष्पांजलि अर्पित की, तत्पश्चात स्कूल में संचालित कक्षाओं, खिलौना बैंक, स्मार्ट रूम, म्यूजिक रू एवं वी.टी.सी.का अवलोकन किया व बच्चों से बात की। आई.सी.श्रीवास्तव (से.नि.आई.ए.एस) ने अपने स्वागत सम्बोधन में संस्था प्रारंभ करने के लिए स्वर्गीय श्रीपाल चन्द मेहता एवं संस्था परिसर के लिए भूमि उपलब्ध करवाने के लिए पूर्व मंत्री भंवरलाल शर्मा का आभार प्रदर्शित किया।

संस्था के विशिष्ट बच्चों के द्वारा एक नृत्य नाटिका एवं पंत्रतन्त्र की कहानी की प्रस्तुति दी गई, जिसकी सभी ने सराहना की।

मनमोहन हर्ष ने जीता 'फर्स्ट रनर अप' प्राइज

जयपुर (का.सं.)। स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस, 12 जनवरी 2023) पर यूथिस्थान फाउंडेशन, नई दिल्ली की ओर से आयोजित नेशनल लेवल आर्टिकल राइटिंग कॉम्पिटिशन 'द ट्रेलब्लेजर्स 2023' में राजस्थान के मनमोहन हर्ष ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त कर 'फर्स्ट रनर अप' पुरस्कार जीता है।

मनमोहन हर्ष के स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित आलेख स्वामी विवेकानंद का जीवन संदेश सकारात्मक ध्वनियों-सद्विचारों का सार्वभौमिक कोष को कॉम्पिटिशन के निर्णायक मंडल की ओर से शीर्ष दो आलेखों में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर यूथिस्थान फाउंडेशन की ओर से हर्ष को 'सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस, ट्रॉफी और पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। राजस्थान सूचना एवं जनसम्पर्क सेवा के अधिकारी मनमोहन हर्ष, वर्तमान में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर में उप निदेशक (जनसम्पर्क) के पद पर कार्यरत है। हर्ष, गत 33 वर्षों से देश की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में स्वतंत्र लेखक, स्तंभकार और टिप्पणीकार (फ्रीलांसर) के रूप में खेल और समसामयिक विषयों पर निरंतर अपना योगदान दे रहे है।

इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में पूरे देश से आठ भाषाओं में लगभग 600 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। कॉम्पिटिशन में

मनमोहन हर्ष

स्कूली विद्यार्थियों से लेकर प्रोफेसर तथा प्रोफेशनल्स से लेकर रिटायर्ड सिविल सर्वेंट्स जैसे प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, इसमें गर्ल्स और महिलाओं की भागीदारी सर्वाधिक रही। यूथिस्थान फाउंडेशन द्वारा 21वीं सदी में स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता, देश की प्रगति के संदर्भ में स्वामी विवेकानंद के कथन 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाएं' का युवाओं के लिए महत्व और भारत के पुनरुत्थान के शिल्पकार के रूप में विवेकानंद के योगदान की थीम पर आलेख आमंत्रित किए गए थे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की टीम गठित

गहलोत की कांग्रेस सरकार द्वारा की गई वादाखिलाफी को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा 35 विधानसभा सीटों पर करेगा फोकस

जयपुर । भाजपा की ओर से विधानसभा चुनावों को लेकर पूरी कमर कस ली है। इसके लिए हाल ही भरतपुर में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा भरतपुर संभाग के बूथ और मंडल अध्यक्षों को जीत का मंत्र दिया। इसके साथ ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चो भी चुनावों के लिए अपनी पूरी तैयारी कर ली है। मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष एम साजिद खान ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समाज के साथ की गई वादाखिलाफी के विरूद्ध भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा अल्पसंख्यक बाहुल्य 30-35 विधानसभाओं में पिछले 2 वर्षों से एक मुहिम चलाकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। जिसे तेज करते हुए आगामी दिनों में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कांग्रेस सरकार के खिलाफ 30 विधानसभाओं में विरोध प्रदर्शन करेगा।

खान ने कहा कि उक्त 30-35 विधानसभाओं में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्ष गठित हो गये हैं एवं आगामी दिनों में विधानसभा प्रभारियों की घोषणा करके अल्पसंख्यक बाहुल्य विधानसभाओं में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कांग्रेस सरकार को घेरने का काम करेगा। अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार ने गत साढ़े चार वर्षों में जो वादाखिलाफी अल्पसंख्यक समाज से की है, उसे देखते हुए इस बार अल्पसंख्यक समाज का झुकाब भाजपा की तरफ रहेगा। उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ एक नारा भी दिया कि "वोट हमारा, राज तुम्हारा, नहीं चलेगा, नहीं चलेगा" इन विधानसभाओं में अल्पसंख्यक समाज का वोट 50 हजार से ज्यादा शुरू होकर सबसे अधिक वोट भरतपुर की कामां विधानसभा में लगभग 1 लाख 30 हजार तक है। उनमें अल्पसंख्यक बाहुल्य 30 विधानसभाए हैं। उनमें से हवामहल, किशनपोल, आदर्श नगर, सिविल लाईन, सीकर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, झुन्झुनूं, मण्डावा, जोधपुर, सरदारपुरा, पोकरण, जैसलमेर, बाड़मेर, शिव, चौहटन, बीकानेर दक्षिण, खाजुवाला, पुष्कर, मसूदा, टोंक, कोटा उत्तर, नागौर शहर, मकराना, डीडवाना, नगर, कामां, तिजारा, किशनगढ़बास, अलवर ग्रामीण, रामगढ़, सवाईमाधोपुर विधानसभा सीट हैं, जहां अल्पसंख्यक समाज का वोट बैंक ज्यादा है।

पूर्व राष्ट्रपति ने संविधान उद्यान का भ्रमण किया

जयपुर, (का.सं.)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को राजभवन में संविधान उद्यान का भ्रमण किया। उन्होंने संविधान निर्माण से इसके लागू होने तक की ऐतिहासिक यात्रा को विभिन्न कला रूपों में जीवंत देखने के अनुभव को अद्भुत बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने संविधान उद्यान में संविधान लागू होने के विभिन्न चरणो के कला-रूपों को एक-एक कर देखा और उन्हें अनुकरणीय बताया।

कोविंद ने संविधान ग्रंथ के आवरण एवं उद्देशिका की निर्मित कलाकृति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में संविधान सभा की बैठक के मूर्ति शिल्प, संविधान निर्माण और उससे जुड़ी संविधान समितियों की कार्यवाही, मूल संविधान की प्रति पर निर्मित भारतीय संस्कृति से संबद्ध कलाकृतियों से जुड़े मूर्तिशिल्प, छायाचित्रों आदि का बारीकी से अवलोकन किया।

संविधान उद्यान भ्रमण के बाद उन्होंने राज्यपाल कलराज मिश्र की संविधान के मूर्तरूप की इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी प्रशंसा की। पूर्व राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्दराम जायसवाल ने संविधान उद्यान के निर्माण और इसके विभिन्न पक्षों के बारे में जानकारी दी।

5 हजार सी.एच.ओ. ने घेरा स्वास्थ्य भवन

प्रदेशभर से आए करीब पांच हजार कम्यूनिटी हैल्थ ऑफिसर (सी.एच.ओ.) ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को जयपुर में स्वास्थ्य भवन का घेराव किया। ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष और सी.एच.ओ.फैडरेशन के संरक्षक भरत बेनीवाल के नेतृत्व में यह कार्मिक स्वास्थ्य भवन पर एकत्रित हुए और नारेबाजी की। इसके बाद मिशन निदेशक एन.एच.एम. सुधीर कुमार शर्मा व और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में 7 सदस्य प्रतिनिधि मंडल की वार्ता करवाई गई, जहां कई मुद्दों पर बातचीत हुई।

सार-समाचार

राजस्थान पुलिस हेकाथान पोर्टल शुरू

जयपुर (कासं)। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने मंगलवार को राजस्थान पुलिस स्थापना समारोह में 'पुलिस हेकाथान पोर्टल' का शुभारंभ किया। राजस्थान पुलिस अकादमी सभागार में सेमीनार को करते हुए मिश्रा ने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है और वर्तमान साइबर युग मे साइबर अपराध के खतरों को देखते हुए डिजिटल जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। पुलिसकर्मियों को भी साइबर सम्बन्धित ज्ञान आवश्यक है। नई तकनीक के बढ़ते उपयोग को देखते हुए उन्होंने सभी नए तरीकों को सीखने पर बल दिया। डीजीपी साइबर सुरक्षा डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि पुलिस बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए व्यापक पैमाने पर कार्य कर रही है। पिछले दिनों मेवात क्षेत्र में करीब एक लाख 28 हजार सिम और एक लाख मोबाईल सेट को अनएक्टिव किया गया। प्रदेश के सभी जिलों में साइबर थाने स्वीकृत किये गए हैं एवं 50 करोड़ रुपये की लागत से सेन्टर फ़ॉर साईबर सेक्युरिटी की स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस हेकाथान पोर्टल के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर डिजिटल जागरूकता को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस इंटर्नशिप प्रोग्राम के माध्यम से युवाओं को जोड़कर उनके विचारों पर भी कार्य कर रही है।

प्रथम पूज्य गणेशजी को न्यौता दिया

पाटन, (निसं)। राजस्थान लाईसेन्स स्टाम्प वेण्डर्स एसोसियेशन की ओर से राज्य सरकार व सम्बन्धित अधिकारियों को समय-समय पर विभिन्न मांगों को लेकर अवगत कराने के बाद भी स्टांप वेंडरों की मांगों पर सरकार द्वारा विचार नहीं करने पर मंगलवार को राजस्थान लाइसेंस स्टांप वेंडर एसोसिएशन के आव्हान पर नीमकाथाना न्यायालय परिसर के स्टांप विक्रेताओं ने हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया। स्टाम्प वेण्डर्स एसोसियेशन ने राजस्थान प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा लागू की गई मुद्रांक विक्रेताओं द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से स्टाम्प विक्रय करने की पायलेट प्रोजेक्ट को लागू नहीं करने की मांग की।

राजस्थान प्रदेश स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा अर्जित स्टाम्प कर/ टैक्स की राशि सीधी राजकोष में जमा करने, एक लिखित में 50 हजार रूपये की स्टाम्प विक्रय की जो लिमिट है, उस लिमिट को बढ़ाकर 3 लाख रूपये करने की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव को सौंपा गया। इस दौरान स्टांप वेंडर सुभाष जाखड़, जयसिंह जांगिड़, हर्षित सोमावर, शाहरुख, मुकेश सोमावत, सोहन सोमावत, हरीश गुप्ता, महेंद्र वर्मा, अभिषेक कुमावत, दिनेश यादव, श्रवण सिंह, राजू ओला, प्रवीण फानन सहित अनेक स्टांप वेंडर उपस्थित रहे।

स्टाम्प वैन्डरों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया।

कैशियर से 1.78 लाख की लूट

नोखा, (निसं)। स्टेट हाईवे पर दिनदहाड़े फ्लिपकार्ट के कर्मचारी से हथियार का भय दिखा कर अपराधियों ने 1 लाख 78 हजार रुपए लूट फरार हो गए। घटना नोखा में एक पेट्रोल पंप की है। जहां राजपुर थाना के दयाल गंज निवासी सुनील कुमार नोखा से अपनी बाइक से फ्लिपकार्ट एजेंसी का पैसा लेकर संझौली पंजाब नेशनल बैक में जमा करने जा रहे थे। तभी नोखा लक्ष्मण पेट्रोल पंप के समीप उजला रंग के अपाचे बाइक से तीन अपराधी मुंह बंद कर उनको हथियार के भय दिखा कर रोक दिया। इसके बाद अपराधियों ने उनसे बाइक की चाभी छीनी जिस पर उनके द्वारा विरोध भी किया गया तो उनके ऊपर अपराधियों द्वारा गोली चला दी गई।

गोली से बचने के चक्कर में एजेंसी मालिक जमीन पर गिर गए इसका फायदा उठा कर अपराधियों ने बाइक के डिक्की में रखे 1 लाख 78 हजार रुपया नगद बाइक एवं उनका मोबाइल लूट कर हवा में गोली चलाते अपराधी भागने में सफल रहे। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर प्रभारी थानाध्यक्ष गुड्डू कुमार अपने दल बल के घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं अपराधियों की पहचाना के लिए पेट्रोल टंकी के पास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जा रहा है।

नगरपालिका शुलभ शौचालय बना कर भूली, कबाड़ी ने जमाया कब्जा

खैरथल, (निसं)। स्थानीय नगरपालिका प्रशासन भीड़भाड़ वाले बाजार में एक शुलभ शौचालय बनवा कर भूल गयी है। नतीजतन पड़ोसी कबाड़ी ने अपना कब्जा जमा लिया।

भारतीय स्टेट बैंक की मातौर रोड ब्रांच के बगल में क़रीब बारह वर्ष पहले चूंगी नाके को ढहा करके पास लाखों रुपए की लागत से एक सुलभ शौचालय का निर्माण करवाया। जिसका लोकार्पण कार्यक्रम बनाते बनाते हालात यह हुए कि उसे भूल गए।

चारों ओर अनेकों बाजार के नागरिकों की सुविधा के लिए अशोक डाटा के बोर्ड अध्यक्षीय कार्यकाल में शहर में पुरानी अनाज मंडी में आधुनिक सुविधाओं वाले शुलभ कांप्लेक्स प्लस रैन-बसेरा के साथ ही अन्य भागों में भी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। जिनका उद्घाटन तत्कालीन केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह द्वारा किया गया था।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बगल में बने कांप्लेक्स को भूल गए जबकि बाकी स्थानों पर ये सुविधाएं उपलब्ध हैं। जबकि इस भीड़भाड़ वाले स्थान पर इसकी सख्त जरूरत है। इसके अभाव में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि इस संबंध में नगरपालिका प्रशासन को अनेकों बार शिकायत की गई परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई है। गौरतलब है कि इस स्थान पर नगरपालिका का पक्का चुंगी नाका था जो कि चुंगी प्रथा समाप्त हो जाने के बाद नकारा पड़ा रहा जिस पर तत्कालीन पालिकाध्यक्ष अशोक डाटा के कार्यकाल में शुलभ कांप्लेक्स बनवाया गया था।



सार्वजनिक सुलभ शौचालय पर कबाड़ पड़ा हुआ है।

- बारह वर्ष पहले लाखों रुपए की लागत से करवाया था निर्माण

बाजारों के दुकानदारों ने बताया कि सुविधा के अभाव में वे रेलवे सीमा, पटवार घर, महावर धर्मशाला, अग्रवाल धर्मशाला आदि स्थानों पर जाने की परेशानी भोग रहे हैं और यहां जो सुविधा है तो उस अतिक्रमण किया हुआ है।

अशोक डाटा तत्कालीन चेयरमैन नगरपालिका खैरथल इनका कहना है कि मेरे कार्यकाल में शहर में जनता की सुविधा के लिए जगह जगह बनवाए गए पेशाब घर व सुलभ कांप्लेक्स में एक यह भी बनवाया था। जिसे चालू कर दिया गया किंतु बाद में सार-संभाल के अभाव में अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया।

आशुतोष आचार्य ईओ नगरपालिका खैरथल का कहना है कि इस सुलभ कांप्लेक्स पर अतिक्रमण की शिकायत मिली है जल्दी ही कार्रवाई कर जनता के लिए शुरू करवाया जाएगा।

पानी की किल्लत से वार्डवासी परेशान

किशनगढ़ बास, (निसं)। शहर में पानी को लेकर लोगों की परेशानी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पानी की समस्या के चलते मंगलवार को वार्ड 14 की पार्षद मीनाक्षी मनोज मित्तल ने लोगों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

किशनगढ़ बास में यह हालात तब बनी हैं जब तीन दिन पहले ही विधायक एसडीएम कार्यालय में पानी को लेकर अफसरों को फटकार लगाकर नसीहत दे चुके हैं।

एसडीएम कार्यालय पहुंचे गुस्साए वार्ड के लोगों ने बताया कि ना तो पानी पर्याप्त मात्रा में आ रहा है और ना ही कोई पानी आने का समय निश्चित है। निजी खर्चे पर टैंकर मंगाकर लोगों को पानी की पूर्ति करनी पड़ रही है। और विभाग है कि ध्यान ही नहीं दे रहा है।

पार्षद का आरोप है कि विभाग के अधिकारी भाजपा पार्षदों के साथ सोतेला रुख अपनाए हुए हैं। बार-बार शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। पानी की शिकायत लेकर पहुंचने वालों में रमेश चंद ताराचंद गुप्ता सतीश हरवानी सुरेश चंद सुनील कुमार अनिल भव्य जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

6 माह पहले बनी सड़क टूटी, जांच की मांग

किशनगढ़ बास, (निसं)। कांग्रेस राज में पनप रहे भ्रष्टाचार, टोल कर्मियों की मनमानी और पुलिस की निष्क्रियता को लेकर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने अलवर जिला कलेक्टर, कोटकासिम एसडीएम के सामने निष्पक्ष जांच कराई जाकर दोषी अधिकारी कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग रखी है।

इस दौरान अधिकारियों को यादव ने कहा शीघ्र ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वह लोगों को लेकर किशनगढ़ बास और कोटकासिम एसडीएम कार्यालय के सामने धरना देंगे। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने बताया कि सड़क को बने 6 माह भी नहीं हुए की किशनगढ़ बास कोटकासिम सर्किल से हरियाणा की सीमा से लगते गांव बीरनवास तक की सड़क में जगह-जगह गड्ढे निकल आए हैं। यादव ने सीधे-सीधे अधिकारियों व ठेकेदार पर मिलीभगत का आरोप लगाया है और कहा है कलेक्टर और एसडीएम ने निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारी कार्मिकों व ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की तो वह क्षेत्र के लोगों को लेकर किशनगढ़ बास वह कोटकासिम एसडीएम कार्यालय के सामने धरने देंगे।

- कलेक्टर-एसडीएम से पूर्व विधायक ने की शिकायत
- 'कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों के साथ किशनगढ़ बास और कोटकासिम एसडीएम कार्यालय के सामने धरना देंगे'

पूर्व विधायक यादव ने बताया है कि एनसीआर योजना के तहत किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र में बनाई गई सड़कों की हालत जर्जर हो रही है जगह जगह गड्ढे बने हैं लेकिन ठेकेदार और अधिकारी ग्रामीणों के बार बार कहने पर भी रिपेयरिंग नहीं करा रहे हैं इससे साफ जाहिर होता है कि ठेकेदार को अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का संरक्षण है। किशनगढ़ बास में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के राज में नगर पालिका को कचरा डालने के लिए भूमि आवंटित की गई। भूमि पर कचरा ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाना है। राजनीतिक संरक्षण के चलते प्रभावशाली लोगों ने आवंटित भूमि पर कब्जा किया हुआ है अनेक बार भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने के लिए पालिका अध्यक्ष की ओर से प्रशासन को अवगत कराया गया है लेकिन आज तक अति कर्मियों के कब्जे से भूमि को मुक्त नहीं कराया जा सका है। नगर पालिका क्षेत्र में कचरा डालने के लिए भूमि नहीं होने के कारण शहर का कचरा इधर-उधर फेंकने से बीमारी का अंदेशा बना हुआ है। यादव ने पुलिस कार्यशैली पर सवाल उठाए और कहा बीबीरानी किशनगढ़ बास में चोरियों की वारदात लगातार बढ़ रही है लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है और पुलिस हाथ पर हाथ रखकर बैठी है। खैरथल किशनगढ़ बास व मातौर रोड टोल नाके 10 किलोमीटर की परिधि में टोल कर्मी निजी वाहन मालिकों से टोल वसूली कर रहे हैं जबकि तिजारा भिवाड़ी टोल नाके पर 10 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले लोगों को टोल में छूट दी हुई है। सरकार की इस दोहरी नीति के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसके कारण प्रतिदिन टोल कर्मियों व वाहन मालिकों के बीच टोल वसूली को लेकर विवाद होना आम बात बनी है। मीडियाकर्मियों को भी टोल कर्मियों के अभद्र व्यवहार का शिकार होना पड़ रहा है।

जल यात्रा का जगह-जगह स्वागत

श्रीमाधोपुर, (निसं)। पर्यावरण विद् विवेकानंद शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण समाज की महत्ती की जिम्मेदारी है। समाज को अपने पारंपरिक जल स्त्रोतों एवं वर्षा के जल का संरक्षण करना चाहिए। शर्मा जल यात्रा के कंचनपुर पहुंचने पर नरसिंह मंदिर में आयोजित चौपाल को संबोधित कर रहे थे।

सुजलाम संस्थान के डॉ योगेश यादव एवं कविता यादव के संयोजक में 12 अप्रैल से जारी जल यात्रा मंगलवार को कंचनपुर, कल्याणपुरा, सिहोड़ी, गोमावाली, गीदावाला, घाटमदास,त्रिलोकपुरा तथा जालपाली पहुंची। विभिन्न स्थानों पर आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए यात्रा के संयोजक डॉ योगेश यादव ने कहा कि हमारे श्रीमाधोपुर के लोग पिछले 10-15 सालों से लगभग 1 साल में 25 से 30 हजार रूपये का पानी खरीद कर पीते हैं। सिंचाई के अभाव में खेत खलियान बंजर हो चुके हैं जिसका मुख्य कारण नहर का नहीं आना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कविता यादव ने कहा जल समस्या का सामना घर की मां बहनों को करना होता है ।यह जानकारी देते हुये बताया गया कि रोटरी क्लब के कार्यकर्ता पुरुषोत्तम शर्मा व सेवानिवृत्त शिक्षक महावीर प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश हरसूखा, भीम सिंह यादव, सुरेंद्र नागवान, अमरचंद नागवान ने यात्रा के संयोजक यादव का सम्मान किया।

जल यात्रा कंचनपुर, कल्याणपुरा, सिहोड़ी, गोमावाली, गीदावाला, घाटमदास,त्रिलोकपुरा तथा जालपाली पहुंची।

इसी प्रकार नालोट गांव में उपसरपंच राजेंद्र शर्मा ने भी यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में युवा छात्र पंकज शर्मा हांसपुर ,पवन शर्मा श्रीमाधोपुर ,राम सिंह यादव आदि शामिल हुए। यात्रा के प्रवक्ता दिनेश गोविंद शर्मा ने बताया कि जालपाली औद्योगिक क्षेत्र में दिव्यांग जल योद्धा करण सिंह शेखावत आज भी यात्रा में शामिल हुए वही सेवानिवृत रक्षा वैज्ञानिक सीताराम सैनी ने यात्रा का अभिनंदन किया। इसी प्रकार 19 अप्रैल बुधवार को श्रीमाधोपुर में प्रस्तावित मौन जुलूस की तैयारीयो को लेकर स्थानीय समन्वयक दिलीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। मौन जुलूस की तैयारी को लेकर मुकेश शर्मा, पवन गोठवाल ,महेश शर्मा , कन्हैयालाल चौरसिया, उर्मिला चौरसिया, कविता तिवारी आदि ने जनसंपर्क किया। सुबह रन फॉर वाटर का आयोजन किया गया।

रूबी सिंह को डॉक्टरेट की उपाधि मिली

निवाई, (निसं)। राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा रूबी सिंह को पीएचडी की उपाधी नवाजा गया। उन्हें यह उपाधि उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदान की गई है। रूबी ने अपना शोध कार्य प्रो मुक्ता सिंघवी के सुपरविजन में पूर्ण किया। प्रो मुक्ता वर्तमान में राजस्थान विश्वविद्यालय में साइकोलॉजी विभाग की हेड हैं। इस दौरान रूबी सिंह ने 4 रिसोर्स पेपर भी लिखे।

उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय सेमिनार में गेस्ट लेक्चरर की भूमिका निभाई है। वर्तमान मे ये वनस्थली विद्यापीठ में साइकोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले उन्होंने यूजीसी नेट करने के बाद केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर सेवाएं दी हैं। उनके पति आरटीएस सेवा के अधिकारी हैं। इस दौरान कुलदीप सिंह, सहायक प्रोफेसर दिव्या सिंह, सुमन, सहायक प्रोफेसर कृष्णा, जीतू सिंह व रामानंद सहित अनेक लोगों ने रूबी को बधाई दी।

बहरोड़ विधायक ने किशनगढ़ बास में काले कपड़े पहनकर लगाई दौड़

किशनगढ़ बास, (निसं)। बहरोड़ निर्दलीय विधायक बलजीत यादव ने सरकार को जगाने, युवाओं के हक के लिए मंगलवार को काले कपड़े पहनकर किशनगढ़बास में तोप सर्किल से अनाज मंडी तक दौड़ लगाई है। विधायक बलजीत यादव ने लोगों को तोप सर्किल पर संबोधित किया और केंद्र व प्रदेश की सरकारों के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जमकर प्रहार किया। इस दौरान लोग बड़ी तादाद में बहरोड़ विधायक बलजीत यादव को सुनने के लिए पहुंचे थे।

प्रदेश की 200 विधानसभाओं में दौड़ लगाने का संकल्प लेकर सरकार को जगाने और युवाओं को हक दिलाने निकले बहरोड़ विधायक बलजीत यादव प्रदेश की अनेक विधानसभाओं में दौड़ लगाते हुए मंगलवार को सायं 6.30 पर किशनगढ़ बास पहुंचे और तोप सर्किल से अनाज मंडी तक युवाओं के साथ काले कपड़े पहन कर दौड़ लगाई। बलजीत यादव ने यहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा मुख्यमंत्री विधायक को जुबान देकर मुकरे हैं जनता को बताने के लिए निकला हुआ हूं। राजस्थान की 188 विधानसभाओं में गया हूं। मेरा उत्साह और मनोबल हर जगह लोगों ने बढ़ाया है।

किशनगढ़ बास में बहरोड़ विधायक बलजीत यादव ने दौड़ लगाकर लोगों को संबोधित किया।

सरकार के खिलाफ यह लड़ाई अकेले बलजीत यादव की नहीं है बल्कि राजस्थान की 8 करोड़ जनता की मांग है। भाजपा पर प्रहार करते हुए यादव ने कहा जो लड़ाई विपक्ष में रहकर भाजपा को लड़नी चाहिए वह बलजीत यादव को लड़नी पड़ रही है।

बलजीत यादव की मांग है कि सरकार राज्य के युवाओं को 90 से 100 प्रतिशत आरक्षण नौकरियों में मिले। गैर सरकारी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। 5 लाख पदों पर सरकार शीघ्र भर्ती निकालकर 6 महीनों में युवाओं को नियुक्ति देने का काम करें। समुद्र का ट्रीट किया हुआ पानी नहर से राजस्थान में लाया जाए तथा यमुना व चंबल का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचे। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले पर लगी रोक को सरकार शीघ्र हटाए।

- केंद्र व राज्य सरकार को कोसा

इसके अलावा किसानों की संपूर्ण फसल को सरकार उचित मूल्य पर खरीदे किसानों में गरीब लोगों को मुफ्त व पूरी बिजली उपलब्ध कराई जाए तथा किसानों की फसल नष्ट कर रहे आवारा पशुओं पर सरकार द्वारा नियंत्रण किया जाए।

स्कॉर्पियों कार से 5 गायों को मुक्त कराया

अलवर, (निसं)। दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस-वे से लग्जरी कारों में गौवंश की तस्करी की जाने लगी है। सोमवार रात को कुछ गौरक्षकों ने पिनान व बडौदामेव के पास से पीछा कर दो वाहनों को पकड़ा। लग्जरी कार स्कॉर्पियों में 5 गाय ऊपर-नीचे ठूंस-ठूंस कर भरी मिली। पुलिस ने कार व टाटा वाहन जब्त कर लिया। गौवंश को सुधा सागर गोशाला भिजवाया गया।

गोरक्षक हेमंत मीणा ने बताया कि हमे सूचना मिली थी कि पिनान के पास टाटा गाडी में गौवंश है। हमने करीब 30 किलोमीटर पीछा किया, लेकिन बाद में हम आगे निकल गए। हरियाणा बॉर्डर पहुंचते ही पुलिस को सूचना दी, वहां नाकाबंदी की। नाकाबंदी देख उन्होंने टाटा को कच्चे में उतार दी और वाहन छोड़ कर भाग गए। इसके बाद हमें पता लगा कि स्कॉर्पियों में भी गाय भरी हैं। लेकिन हमने कांटे लगाकर लग्जरी कार का टायर पैंक्चर किया। तब तक पुलिस प्रशासन ने नाकाबंदी करा दी थी। टायर पंक्चर होने के बाद भी तस्कर कार को ले जाते रहे। लेकिन आखिर में उनको कार भी छोडकर भागना पडा। टाटा कार हरियाणा पुलिस को सुपुर्द कर दी। वहीं स्कॉर्पियों कार बडौदामेव थाना पुलिस को सुपुर्द कर दी।

- लग्जरी कार स्कॉर्पियों में 5 गाय ऊपर-नीचे ठूंस-ठूंस कर भरी मिली।
- गौरक्षकों ने पीछा कर छुड़वाया

इस कार में 4 गाय भरी मिली थी। जिनको सुधा सागर गोशाला भिजवाया है। वहीं कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। गोरक्षकों ने बताया कि स्कॉर्पियों से कई दिनों से गोवंश ले जाए जाने की सूचना मिल रही थी। इसका पहले भी पीछा किया था। तब फायर कर भाग गए थे। इस बार भी फायर किया। लेकिन गोरक्षकों ने इनका टायर पैंक्चर कर दिया। इसके बाद भी कार को 5 किलोमीटर तक ले गए। लेकिन आगे पुलिस की नाकाबंदी करा दी थी। तब कार को छोड कर भाग गए। गोरक्ष विपिन योगी, अनिल यादव, अमित मित्तल, सोनू सैनी, लोकेश यादव, वेदप्रकाश चौधरी, रोबिन शर्मा, सुनील मीणा भी मौजूद थे।

ढाई घण्टे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

निवाई, (निसं)। विद्युत तंत्र के रख-रखाव एवं मेन्टीनेन्स कार्य के चलते बुधवार को ढाई घण्टे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

कनिष्ठ अभियंता प्रथम ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते सुबह 6 बजे से 8:30 बजे तक शहर की दीनदयाल कालोनी, इन्द्रा कालोनी, महावीर कालोनी, बडा बाजार, अहिंसा सर्किल, अटल सेवा केन्द्र, भगतसिंह कालोनी, सुभाष कालोनी सहित आसपास के क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

भंवर जितेंद्र सिंह का अभिनंदन किया

अलवर, (निसं)। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

यह जानकारी देते हुए गांधी दर्शन की शहर संयोजक योगी अतुल नाथ योगी ने बताया कि महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक हिमांशु शर्मा को राज्य सरकार द्वारा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य बनाए जाने पर गांधी दर्शन के कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह का आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया।

- महात्मा गांधी एवं आजादी के नायकों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाना चाहिएः सिंह

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी एवं आजादी के नायकों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाना चाहिए, इसमें गांधी दर्शन के कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैंद्य गांधी दर्शन के निरंतर कार्यक्रम के आयोजन पर भी हर्ष व्यक्त किया और कहा कि शांति,अहिंसा, प्रेम, भाईचारा एवं सद्भावना से ही प्रदेश का विकास संभव हो सकेगा।

इस अवसर पर जिला संयोजक हिमांशु शर्मा, सुगन चंद शर्मा दुली चंद मीणा, रामगोपाल सोनी, छंगामल लखेरा, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, नटराज मीणा सहित अनेक कार्यकर्ता कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह को साफा एवं सूत की माला और गांधी की तस्वीर भेंट कर बीसुका के सदस्य बनाने पर अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया ।

फैक्ट्री हटाने की मांग पर वार्ड वासियों ने प्रदर्शन किया

लालसोट, (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 स्थित बालाजी की ढाणी में आबादी क्षेत्र में संचालित एक अवैध फैक्ट्री को हटाने की मांग को लेकर नगर पालिका के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर मंगलवार को हंगामा एवं विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान नगरपालिका परिसर में विरोध प्रदर्शन कराई दो महिलाएं अचेत हो गई जिनके साथ परिजनों एवं वार्ड वासियों द्वारा उनके सार संभाल की गई। वार्ड वासियों ने कहा गया कि यह फैक्ट्री नियमों के विपरीत आबादी क्षेत्र में चल रही है ऐसे में इस फैक्ट्री को तुरंत हटाने की कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर कमर चौधरी के निर्देशों पर उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीणा द्वारा जिस जगह फैक्ट्री आबादी क्षेत्र में बनी हुई है उस जगह का जायजा ले कर वस्तुस्थिति की रिपोर्ट जिला कलेक्टर को भिजवाई गई।

- डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने लिया मौके का जायजा
- फैक्ट्री मामले को लेकर दो पक्ष आमने सामने

लालसोट नगर पालिका के वार्ड 19 में आबादी क्षेत्र में बनी फैक्ट्री को सील करने की मांग को लेकर वार्ड वासियों ने नगर पालिका गेट पर ताला जड़ विरोध प्रदर्शन किया।

जहां जिला कलेक्टर द्वारा शांति बनाए रखने के लिए नियम अनुसार कार्रवाई की जाने के निर्देश भी एसडीएम को दिए गए हैं। वही वार्ड वासियों की शिकायत पर आबादी क्षेत्र में संचालित इस फैक्ट्री को हटाने के लिए नगर पालिका द्वारा नोटिस भी जारी किए गए थे।

सोमवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा नगरपालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक टीम गठित कर फैक्ट्री कोशिश करने के लिए मौके पर भेजा गया था। जहां फैक्ट्री सीज करने पहुंचे नगर पालिका अधिकारी कार्मिकों एवं पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में फैक्ट्री से जुड़े महिला पुरुषों द्वारा छत पर चढ़कर फैक्ट्री सील करने की दशा में हाथ में बोतलों के अंदर ज्वलनशील पदार्थ लेकर आत्मदाह करने की कोशिश की गई थी। इसके बाद माहौल को देखकर फैक्ट्री सीज करने पहुंचा नगरपालिका का दस्ता व पुलिसकर्मी वापस लौट गए थे। वही इस फैक्ट्री को सीज नहीं होने को लेकर शिकायतकर्ता पार्क जबरदस्त नाराज हो गया एवं मंगलवार को नगर पालिका देश के मुख्य द्वार पर ताला जड़ फैक्ट्री को तुरंत सिद्ध करने की मांग को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। वही मौके पर पहुंचे डिप्टी एसपी अरविंद कुमार गोयल थाना अधिकारी नाथू लाल मीणा एसडीएम विजेंद्र मीणा एवं पार्षद जनप्रतिनिधियों द्वारा समझाइश करने के बाद प्रदर्शनकारियों द्वारा गेट का ताला खोलकर विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

वार्ड नंबर 19 के आबादी क्षेत्र में बनी एक फैक्ट्री को लेकर दो पक्ष आमने-सामने बने हुए हैं। वहीं इस फैक्टरी पर कार्रवाई को लेकर दोनों पक्षों द्वारा बात का सवाल बना लिया गया है। एक पक्ष फैक्ट्री को सील नहीं होने देना चाहता है तो दूसरा पक्ष फैक्ट्री को सील कराने पर आमादा है। वही इस फैक्ट्री मामले को लेकर वार्ड में अशांति एवं कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई दिखाई दे रही है।

समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू करने की मांग

बौंली, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला महामंत्री ओमप्रकाश डंगोरिया, राजेश गोयल व किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं किसान नेता रामअवतार मीणा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बौंली उपखंड कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण मीणा को समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अंकित किया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा रबी की फसलों के समर्थन मूल्य निर्धारित करने के बाद भी राजस्थान सरकार ने फसल खरीद के कांटे शुरू नहीं किए हैं जबकि 1 अप्रैल से फसल खरीद के कांटे शुरू करने की घोषणा की गई थी। केंद्र सरकार द्वारा सरसों के 5450 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था जबकि मंडियों में किसानों को मात्र 5000 में बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है एवं चने का 5350 क्विंटल निर्धारित किया गया था जबकि मंडियों में किसानों को 4400 रुपए क्विंटल में बेचना पड़ रहा है। गेहूं का समर्थन मूल्य 2150 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था जबकि व्यापारी मंडियों में किसानों से मात्र 19 सौ में गेहूं खरीद रहे हैं इस प्रकार किसानों को व्यापारी भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए राजस्थान सरकार को संपूर्ण सवाई माधोपुर जिले में समर्थन मूल्य पर रबी की फसल खरीदने के लिए कांटे शुरू किए जाने आवश्यक है। ज्ञापन सौंपते समय मित्रपुरा भाजपा मंडल महामंत्री महेश शास्त्री बौंली मंडल महामंत्री गोविंद नारायण भदोरिया सहित अनेकों किसान व भाजपा नेता उपस्थित थे।

सांसद राठौड़ को ज्ञापन सौंपा

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा रावणा राजपूत समाज के शिष्ट मण्डल ने जयपुर ग्रमीण सांसद,पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ से शिष्टाचार भेंट कर अपने सामाजिक कार्यों के विभिन्न मुद्दों को लेकर पर अपनी बात रखी। जिसमें मुख्यत: मेजर दलपत सिंह शेखावत हाइफा हीरो के सर्किल के संदर्भ एवं उनकी जानकारी दी कि इस नेक काम मे फुलेरा नगर पालिका अध्यक्षा संगीता अग्रवाल ने समाज की वर्षों की मांग को पूरा करने में सयोग किया है। साथ ही आगे बताया कि उक्त सर्किल को नगर पालिका की बोर्ड मीटिंग में पास करवाया गया है। जिसके लिए हमारा समाज उनका आभारी है। सम्पूर्ण रावणा राजपूत समाज अपने स्तर पर निर्माण के लिए तैयार है। इसी क्रम में सम्पूर्ण रावणा राजपूत समाज की ओर से सांसद से आर्थिक सयोग की अपेक्षा की है। जिस पर सांसद ने सम्पूर्ण समाज को विश्वास दिलाते हुए कहा कि कोई भी प्रशासनिक आवश्यकता हुई तो मैं रावणा राजपूत समाज के साथ खड़ा रहूंगा।

कार्यालय पंचायत समिति बाडी (धौलपुर)

क्रमांक/पं.स.बा./लेखा/ई.नि./2023/29-34 दिनांक:19.04.2023

ई-निविदा सूचना 6/2023-2024

पंचायत समिति परिक्षेत्र की ग्राम पंचायत जपावली, चिलाचौंद, नंगला दूल्हे खॉ, बसईडोंग, अलीगढ, सेवरपाली, मरहौली, कस्बा नगर, कॉसपुरा, पुरा उलावटी तथा बहादुरपुर में महनरेगा तथा ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत प्रत्येक ग्राम पंचायत 100.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत अनुभवी फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 01.05.2023 को समय 12:00 पीएम तक आमंत्रित की जाती है, जिनके UBN No. क्रमश: ZDH2324GLOB00109-20 है। विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

विकास अधिकारी
पंचायत समिति बाडी

राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) प्रार. शिक्षा, भरतपुर

क्रमांक:जिशिअ/प्रार/भरत/एमडीएम/निविदा/मशीन विद मैन/2023-24/159 दिनांक: 18.04.2023

:: खुली ई. बोली आमंत्रण सूचना ::

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) प्रा. शिक्षा भरतपुर एंव अधीनस्थ 12 मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में मिड डे मील योजना के कार्य हेतु ऑन लाईन एवं ऑफ लाइन कार्य करने हेतु संविदा आधार पर कम्प्यूटर ऑपरेटर मय कम्प्यूटर सिस्टम (Machine With Trained Personnel) की सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक, दर संविदा किए जाने हेतु दिनांक 04.05.2023 को 3.00 पीएम तक खुली ई. बोली आमंत्रित की जाती है। बोली आमंत्रण सूचना, बोली/निविदा प्रपत्र और शर्तें राजस्थान लोक उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं ई. टेन्डर पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं। कार्य की अनुमानित लागत 22.00 लाख है।

UBN No. EED2324SLOB00028

हस्ताक्षर

संक्षिप्त

परशुराम जयंती की तैयारियां जोरों पर

फागी, (निसं)। कस्बे में 22 अप्रेल को मनाये जाने वाले परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां जोरो पर है। श्री छन्यात परशुराम युवा मण्डल एवं छन्यात ब्राह्मण समाज समिति फागी के बेनर तले आयोजित इस समारोह के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों के लेकर बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता समाज अध्यक्ष किशन दाधीच ने की। युवा मण्डल ने तहसील के चकवाडा चौरू नारेडा मण्डावरी मण्डावरा मेंदवास नीमेडा सहित एक दर्जन गांवों का दौरा कर समाज जनों को आमंत्रण पत्र सौपते हुए कार्यक्रम में पधारने का न्यौता दिया।

महायज्ञ में 6 लाख आहुतियां दी

जयपुर, (निसं)। तहसील आमेर के ग्राम रूण्डल स्थित श्री जमदग्नि ऋषि परशुराम रेणुका तीर्थ आश्रम में विश्वकल्याण और विश्व शांति के लिए शुरू हुए 108 कुण्डीय महालक्ष्मी गणेश महायज्ञ में मंगलवार को महालक्ष्मी और गणेश मंत्र से यजमानों द्वारा अब तक 6 लाख आहुतियां दी जा चुकी है। परशुराम रेणुका तीर्थ स्थल आश्रम में महंत श्री श्री 108 रविदास जी महाराज द्वारा आयोजित इस महायज्ञ के आचार्य श्री महंत गणेशदास जी महाराज (अयोध्या धाम) ने बताया कि यज्ञ से श्रेष्ठ अन्य कोई सतकर्म नहीं है। यज्ञ में समस्त जीवों का कल्याण निहित होता है और वातावरण की शुद्धि होती है।

हिंगलाज माता का मेला 24 से

नरैना, (निसं)। ग्राम पंचायत श्रीरामपुरा के मंडपी ग्राम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले हिंगलाज माता मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर है। श्री हिंगलाज आई सोनल भैरव धाम निजी प्रन्यास के अध्यक्ष शिव सिंह किसनावत ने बताया कि प्रतिवर्ष माता का पाटोउत्स को मेले के रूप में मनाया जाता है क्षेत्र के आसपास में हिंगलाज माता मंदिर न होने के कारण श्रद्धालु दूर-दूर से आकर के माता के दर्शन पाते हैं तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान हवन जागरण एवं भंडारा सहित मां की शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए प्राचीन भेरुजी मंदिर तक ढोल बाजे नगाड़े के साथ पहुंचती है।

108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ सम्पन्न, हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की

शाहपुरा, (निसं)। खोरी ग्राम स्थित परमानंद धाम मंदिर में त्रिवेणीधाम के ब्रह्मलीन पद्मश्री नारायणदासजी महाराज की प्रेरणा व खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदासजी महाराज के आशीर्वाद व हरिओमदासजी के सान्निध्य में चल रहे 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हो गया।

पूर्णाहुति पर हेलीकॉप्टर से महायज्ञ पर पुष्पवर्षा की गई। समापन पर हजारों की संख्या में उमड़ भीड़ ने दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। यज्ञाचार्य पंडित अंबिकेश शर्मा, उप आचार्य पंडित पवन टीलावत, यज्ञ ब्रह्मा पंडित पवन मिश्र रमाकांत टिलावत, वेदप्रकाश शर्मा, विशाल शर्मा त्रिवेणी धाम ने पूजा अर्चना करवाकर खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदासजी महाराज व हरिओमदासजी महाराज की मौजूदगी में पूर्णाहुति दिलवाकर महायज्ञ का समापन किया।

महायज्ञ में कुल 1 करोड़ 5 लाख 21 हजार आहुतियां दी गई। पीसीसी सदस्य मनीष यादव, चेयरमैन बंशीधर सैनी, प्रधान मंजू शर्मा, भाजयुमो नेता देवायुष सिंह, प्रीति चौधरी, सरपंच मेवा देवी बुनकर, राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष उपेन यादव फूलचंद भिंडा, युवा नेता प्रवीण व्यास, नवल मिश्रा, बनवारीलाल गंगावत, ललित किशोर शर्मा, दुर्गा प्रसाद शर्मा, श्याम सुंदर जोशी, डॉक्टर सुरेंद्र मोहन, पार्षद इन्द्रराज पलसानिया,व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, किसान नेता रामलाल जाट , जवाहर तिवाड़ी, मुकेश खुडानिया रवि शर्मा जसवंतपुरा, विजय अग्रवाल, महेश पारीक, सुनील बिहाझर वाले,योगेश चुड़ला, अशोक गुप्ता, शंकर चुड़ला सहित कई जनप्रतिनिधि ने शिरकत की।

खोरी ग्राम में 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ के समापन पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाये।

- हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ ने दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की

महंत हरिओमदासजी महाराज ने शांतिपूर्ण रूप से महायज्ञ सम्पन्न होने पर आमजन एवं सेवा में जुटे कार्यकर्ताओं को साधुवाद दिया। यज्ञ में बैठने वाले यजमानों को परिजनों व रिश्तेदारों ने वस्त्र भेंटकर सम्मान किया। अखिल भारतीय श्रीपंच रामानंदी खाकी अखाड़ा महंत अध्यक्ष मोहनदास महाराज, अवधेशदास बंशीवाले महाराज जयपुर, रामनरेशदास सूरत, रामचरणदासजी महाराज, सहित कई संत महात्मा मौजूद रहे। श्रीरामकृष्ण कला अनुकरण संस्थान के कलाकारों ने रासलीला का भव्य मंचन किया। इस दौरान बृज प्रसिद्ध लठ मार होली की बेहतरीन प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पूर्णाहुति होने पर हेलीकॉप्टर से गुलाब के फूलों की वर्षा की गई। हेलीकॉप्टर ने पांच छह चक्कर काटकर पुष्प बरसाएं।

सड़क निर्माण का विधायक ने अवलोकन किया

चौमूं / कालाडेरा (निसं) चौमूं उपखण्ड की ग्राम पंचायत अनंतपुरा में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन मंगलवार को विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा किया गया। जेडीए द्वारा भेरुराम कुम्हार के मकान से भेरु की ढाणी के चौराहे तक डामर सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है, उक्त सड़क की कुल लंबाई 1.5 किमी है। विधायक रामलाल शर्मा ने सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को कार्य की पूर्ण गुणवत्ता और पूर्ण मापदंड के आधार पर निर्माण कार्य करवाने के लिए निर्देशित किया। इस मौक़े पर भाजपा देहात मंडल बासा अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, नान्छीलाल शर्मा, किशनलाल कोटोत्या, तोफ़ान मल भोपालावत, कालूराम जाट, रामलाल, नाथूलाल , महावीर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

टोंक में जिला सरपंच संघ ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

टोंक, (निसं)। जिला सरपंच संघ टोंक ने केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से ग्राम पंचायतों की लम्बित चली आ रही मांगों को पूरी करने की मांग को लेकर मंगलवार को प्रधानमंत्री, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, सांसद, मुख्यमंत्री राजस्थान एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के नाम कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है।

जिला कलेक्टर को दिये ज्ञापन में चेतावनी दी है कि उनकी मांगे नहीं माने जाने पर तालाबंदी कर 24 अप्रेल से चलने वाले महंगाई राहत कैम्प व प्रशासन गांव के संग अभियान का बहिष्कार किया जायेगा। जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया कि ज्ञापन में पन्द्रवें केन्द्रीय वित्त आयोग की करीबन 1500 सौ करोड़ रूपये बकाया राशी जारी करने, राज्य वित्त आयोग 2022-23 की दोनों किश्ते जो करीबन 3000 करोड रूपये राज्य सरकार पर बकाया है, इसे शीघ्र ग्राम पंचायतों के खातों में हस्तान्तरित करने, पन्द्रवें केन्द्रिय वित्त आयोग के मद के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा बनाये जा रहे वार्षिक प्लान में अमेंडमेंट में शिथिलता प्रदान करने एवं पन्द्रवें केन्द्रिय वित्त आयोग में केन्द्र सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों एवं पंचायतीराज संस्थाओं को दिये जाने वाले अनुदान में बढोतरी में कटोती नहीं कर कर बढाये जाने की मांग की है। सरंपचों ने वार्ड पंचों का भत्ता 500 रूपये प्रति बैठक किया जावे। इस अवसर पर सरपंच कैलाश चंद शर्मा, गीता देवी जाट, शंकरलाल सैनी, मौसमी, शांतिलाल मीणा, रामलाल मीणा, रूपनारायण कुम्हार, चौथमल मीना एवं नेमीचंद मीना आदि मौजूद थे।

जिला सरपंच संघ ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

- पन्द्रवें केन्द्रीय वित्त आयोग की करीबन 1500 सौ करोड़ रूपये बकाया राशी जारी करने सहित अन्य मांगें

सांसद व विधायक सहित एक दर्जन से अधिक नेता न्यायालय में हुए पेश

मालपुरा, (निसं)। पचेवर थाना क्षेत्र के एक गांव में लड़की के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म मामले में पीड़ित को न्याय दिलाने व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी कार्यालय के बाहर धरना देने पर भाजपा सांसद व विधायक सहित एक दर्जन से अधिक भाजपा नेताओं के विरूद्ध मालपुरा थाने में कोविड उल्लंघन व महामारी एक्ट के मामले में सीआईडीसीबी की जांच रिपोर्ट के बाद थाना पुलिस ने सभी के विरूद्ध न्यायालय में चालान पेश किया।

न्यायालय के तामिल नोटिस पर मंगलवार को भाजपा नेता न्यायालय में पेश हुए। न्यायालय एसीजेएम ने आरोपियों को 5-5 हजार के मुचलके पर जमानत ले राहत पहुंचाते हुए अगली सुनवाई के लिए 22 अगस्त की। भाजपा नेताओं की पैरवी कर रहे पूर्व पालिका अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन ने बताया कि सामुहिक दुष्कर्म मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगा कार्यालय के बाहर कोरोना गाईडलाईन की पालना करते हुए धरना दिया गया था। जिस पर थाना पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच सीआईडीसीबी को सौंपी गई थी। सीआईडीसीबी की जांच रिपोर्ट में टोंक सवाईमाधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, मालपुरा विधायक कन्हैयालाल चौधरी, देवली उनियारा पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर, एससी मोर्चा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश चंदेल, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति जिला संयोजक बच्छराज गुर्जर, टोंक जिला प्रमुख के पति व भाजपा नेता नरेश बंसल, डीआर रामचन्द्र गुर्जर, बीजेपी शहर अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, डुंगरी सरपंच शंकर लाल भडाणा, नरेन्द्र कुमार जैन, सरपंच पति लक्ष्मीनारायण जाट, विष्णु शर्मा निवाई, महावीर कांटोली, नारायण सिंह आमली व भंवर लाल प्रजापत को आरोपी मानते हुए कोविड उल्लंघन व महामारी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज कर न्यायालय एसीजेएम रेशमा जनवानी की अदालत में चालान पेश किया गया। सभी आरोपियों को नोटिस तामिल करवाये गये। एक आरोपी भंवरलाल प्रजापत का निधन हो गया तथा मंगलवार को नरेश बंसल व बच्छराज गुर्जर को छोड़ शेष 12 भाजपा सांसद विधायक व नेता न्यायालय में पेश हुए। जमानत के बाद मीडिया से मुखाबित हुए सांसद व विधायक सहित भाजपा नेताओं ने कहा कि एक पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग करने पर पुलिस ने फरियादियों के विरूद्ध ही मामले दर्ज कर मुल्जिम बना दिया।

- न्यायालय एसीजेएम ने 5-5 हजार की ली जमानत
- 2020 में कोरोना गाइडलाइन व महामारी एक्ट की अवहेलना पर हुए थे मामले दर्ज

राजगढ़ में अब टीबी रोगियों की जांच होगी

राजगढ़, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के टी बी रोगियों को जांच के लिए अब अलवर नहीं जाना पड़ेगा। 25 लाख की लागत से सीबीनाट मशीन राजगढ़ चिकित्सालय में उपलब्ध है।

प्रभारी डॉ. रमेश मीणा ने बताया कि इस मशीन में एक साथ 4 सैंपल की जांच हो सकेगी। मशीन की सुविधा मिलने से रोगी की स्थिति जांच एवं शीघ्र उपचार शुरू हो सकेगा। यूनिट से जुड़े महेंद्र पाराशर ने बताया कि चिकित्सालय में रोगियों की निशुल्क जांच एवं निशुल्क दवा सुविधा उपलब्ध है। सरकार की ओर से पोषण योजना के तहत 500 की राशि रोगी के खाते में सीधे जमा कराई जाती है।

सड़क पर उड़ती धूल-मिट्टी से आमजन परेशान

कोटपूतली, (निसं)। शहर में मास्टर प्लान सड़क विस्तारीकरण के लिए की गई कार्रवाई में अधिकांश हिस्सा वार्ड नं. 19 का है। नगर परिषद द्वारा अब तक चार चरणों में कार्यवाही की जा चुकी है।

पहले चरण में मुख्य चौराहे से परानी नगरपालिका तिराहे तक, दूसरे चरण में लाल कोठी से शनि मन्दिर तक तीसरे चरण में स्टे हटने के बाद बचे भवनों पर और चौथे चरण में आजाद चौक में कार्यवाही की गई।

कार्यवाही को करीब 6 महीनों से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक मार्ग पर ना तो सडक बनाने का काम किया गया है ना ही आजाद चौक, मैन बाजार व मौहल्लों में रोड़ लाईट चालू की गई है ओर ना ही नालों, लिंक नालियों व क्रोस का निर्माण करवाया गया है।

वार्ड नं. 19 की पार्षद मीनू बंसल ने नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा व सभापति पुष्पा सैनी को पत्र लिखकर अवगत कराया कि शहर की क्षतिग्रस्त सडक पर उड़ती धूल-मिट्टी से व्यापारियों व आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है साथ ही लोगों को एलर्जी, खांसी, दमा जैसी बीमारियां भी हो रही हैं। जिसको लेकर पार्षद ने सडक निर्माण होने तक पानी के नियमित छिड़काव किये जाने, वार्ड में रोड़ लाईट चालू कराने, लिंक नालियों व नालों का निर्माण करवाने सहित अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान की माँग की है।

27 घण्टे तक चले धरना प्रदर्शन के बाद बनी सहमति

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के मौहल्ला बुचाहेड़ा निवासी एक युवक के सोमवार शाम फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या करने के मामले में कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के मुर्दाघर के सामने परिजनों समेत जनप्रतिनिधि धरने पर बैठ गये। मामले में लगातार 27 घण्टों तक चले धरना प्रदर्शन के बाद दोनों पक्षों में सहमति बन जाने के बाद मंगलवार शाम मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

- मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा
- दुकान मालिक के टॉर्चर करने से युवक के फांसी लगाकर आत्म हत्या करने का मामला

उल्लेखनीय है कि सोमवार शाम कस्बे के वार्ड नं. 34 मौहल्ला बुचाहेड़ा निवासी ओमप्रकाश (38) पुत्र रामकरण शर्मा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस पर मृतक के ममेरे भाई पावटा के कल्याणपुरा निवासी रामकुंवार शर्मा ने स्थानीय थाने पर रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि मृतक ओमप्रकाश पावटा स्थित एक मोबाईल की दुकान पर सैल्समैन की नौकरी करता था। जहाँ से दिसम्बर 2022 में उसने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बावजुद दुकान मालिक व उसका चाचा मृतक ओमप्रकाश को 206 मोबाईल कम होने का आरोप लगाते हुए टॉर्चर कर रहे थे। जिससे वह बुरी तरह से आहत था। इसको लेकर मृतक ने कई बार ममेरे भाई को मैसेज कर मामले को निपटाने की गुहार लगाई थी। सोमवार को भी दिन भर में करीब 15 मैसेज किये थे। जिससे तंग आकर उसने फांसी के फंदे से झुलकर आत्म हत्या कर ली।

मृतक के शव को अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया था। किन्तु परिजनों ने मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। परिजनों का कहना था कि जब तक कड़ी कार्यवाही करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया जायेगा मृतक का पोस्टमार्टम नहीं करवाया जायेगा।

वहीं मंगलवार तडके विराटनगर के भाजपा नेता कुलदीप धनकड़ समेत पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा नेता मुकेश गोयल, जनता दल नेता रामनिवास यादव, एड. बजरंग लाल शर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलायें भी धरने पर बैठ गये। माहौल बिगड़ता देखकर एएसपी विधा प्रकाश ने कोटपूतली के अलावा चार थानों की पुलिस को भी मौके पर बुला लिया। राजकीय अस्पताल में प्रथम दौर की वार्ता निष्फल रहने के बाद मृतक के परिजन व धरणार्थी कोटपूतली थाने के बाहर आकर धरने पर बैठ गये।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस अधिकारियों को जमकर खरी खोटी भी सुनाई। बाद में एएसपी कार्यालय में परिजनों व प्रशासन के बीच सहमति बनने व मामले में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिये जाने पर परिजन पोस्टमार्टम करवाये जाने को राजी हुए। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

कोटपूतली में ग्रामीण धरने पर बैठे ।

सचिन यादव जिलाध्यक्ष बने

कोटपूतली, (निसं)। राष्ट्रीय सरपंच संघ के अध्यक्ष जयराम पलसानियां ने संगठन का विस्तार करते हुए जयपुर में हुई सरपंच संघ की बैठक में ग्राम पंचायत शुक्लावास के युवा सरपंच सचिन यादव को सर्वसम्मति से जिला कोटपूतली-बहरोड़ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

पलसानियां ने बताया कि सचिन यादव के संगठन के प्रति दृढ संकल्प व कार्यशीलता को देखते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरपंच यादव ने जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम पलसानियां व सभी सरपंचों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वह इस पद की गरिमा को बनाते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई करके ग्राम पंचायत शुक्लावास के सरपंच बने सचिन यादव ने कम उम्र व कम समय में ही गांव में विकास के नए आयाम स्थापित करके विकास की नई इबारत लिख रहे हैं।

सरपंच ने गांव के मुख्य द्वार व रास्तों पर 16 सीसीटीवी कैमरे, गांव के मुख्य रास्तों में रोड़ लाईट, गांव की गली मोहल्ले व ढाणियों में इंटरलॉकिंग टाईल्स के पक्के रास्ते, गांव में पीने के पानी के लिए आर ओ प्लांट की स्थापना, शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु वातानुकूलित लाईब्रेरी, श्मशान भूमि बेजोड़ में वृक्षारोपण सहित सैकड़ों विकास कार्य करवाकर जनप्रतिनिधि होने का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है।

सार-समाचार

बिजली विभाग के दफ्तर के पास थड़ियों का जमावडा



चाकसू, (निसं)। कस्बे के टोंक रोड पेट्रोल पंप के सामने स्थित स्थित बिजली विभाग की बाउंड्री के बाहर दोनो ओर से अवैध थड़ियों, ठेलो व दुकानों से घिरा हुआ है। जहां दिन-रात चोर, हुचक्के, शराबीयों व मनचले लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। जिस कारण इन दिनों बिजलीं विभाग का स्टोर रूम से रिकॉर्ड, बिजलीं के तार के साथ कई उपयोगी सामान चोरी हो रहा है। मामले को लेकर बिजलीं विभाग भी हरकत में आ गया और सहायक अभियंता ने मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी के साथ -साथ नगरपालिका ईओ को पत्र लिखकर ऑफिस के बाहर लगी थडियों को हटाने की मांग की है। सहायक अभियंता ने अपने पत्र में लिखा कि अवैध थडियों पर आवारा लोगों का जमावड़ा जमा रहता है जिससे ऑफिस का काफी नुकसान हो रहा है । वही दुसरीं ओर सहायक अभियंता के पत्र से अवैध थडियों के संचालकों में अफरा -तफरी मच गई है ।

हिदा मीणा की 335 वीं जयंती मनाई

श्रीमाधोपुर, (निसं)। मीणा समाज स्वतंत्रता सेनानी संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर में संस्था संयोजक विमल कुमार पबड़ी की अध्यक्षता में सर्वसमाज ने बाहुबली योद्धा हिदा मीणा की 335 वीं जयंती कार्यक्रम आयोजित की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मीणा योद्धा सदैव मातृभूमि के लिए समर्पण भाव से कार्य किया है, वीर योद्धा हिदा मीणा ने वर्ष 1734 में महज 46 साल की उम्र में तत्कालीन जयपुर नरेश जयसिंह के लिए दक्षिण भारत से विष्णु भगवान की मूर्ति युद्ध करके घोड़े पर अपनी पीठ पर बांधकर लाकर दी थी। इससे पूर्व लोगों ने बाहुबली योद्धा हिदा मीणा के चित्रों माल्यार्पण करके कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जगदीश प्रसाद, बिहारी लाल ने कहा कि वीर और योद्धा सदैव एक समाज के नही बल्कि तत्कालीन समाज की सुरक्षा का जिम्मा लेकर कार्य करते थे, ऐसे में इन योद्धाओं को एक समाज के दायरे में बांधना इनके बलिदान से साथ गलत धारणा होगी। इस अवसर पर अशोक मीणा पूर्व पार्षद ,जगदीश मीणा ,चौथमल , जितेंद्र, बीरबल ,बिहारी ,रतन ,मदन, राजेंद्र,नरेंद्र, देशराज ,प्रह्लाद, मुन्ना लाल ,महेंद्र मीणा कार्यक्रम में अनेक लोग मौजूद थे।

टोंक के छात्रों ने मेडल जीते

टोंक, (निसं)। स्टेयर्स नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा इंदिरा गांधी नेशनल स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 14 से 16 अप्रैल तक टोंक जिले के 7 खिलाड़ी जिसमें दर्शिका चौधरी, गरिमा सैनी, यासिर महबूब, लोकेंद्र वर्मा, जय वर्मा, गुलशन वर्मा, कौशल मीणा में से जय वर्मा ने केडिट छात्र, 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक तथा दर्शिका ने महिला केडिट 41 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर टोंक जिले का नाम रोशन किया है। टीम मैनेजर कृष्ण मुरारी प्रजापत ने बताया कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती होने के कारण खेल बाधित रहा इसलिए 16 अप्रैल को देर रात तक खेल का आयोजन किया गया। टीम मैनेजर द्वारा बताया गया कि 25 दिसंबर 2022 से 27 दिसंबर 2022 तक राजस्थान स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन जयपुर में किया गया था, जहां से टोंक के 7 छात्र- छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। 17 अप्रेल को शाम को दिल्ली से टोंक लोटकर आए सभी खिलाडियों का बस स्टैंड टोंक पर माला पहनाकर तथा आतिशबाजी करके जोरदार स्वागत किया गया।

गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया

फागी, (निसं)। कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर ,पारसनाथ जैन मंदिर , चंद्रप्रभु नसिया, चंद्रपुरी जिनालय तथा त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा ,मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना, के जिनालयों में आज जैन धर्म के पन्द्रहवें तीर्थंकर धर्मनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, तथा पूजा के दौरान धर्मनाथ भगवान का सामूहिक रूप से भक्ति भाव के अर्घ्य चढ़ाया गया, कार्यक्रम में फागी जैन समाज के चंपालाल जैन, अग्रवाल समाज फागी के अध्यक्ष महावीर झंडा, सरावगी समाज के महावीर अजमेरा,राजाबाबु गोधा, सत्येन्द्र कुमार झंडा, अशोक नला , सुनील गंगवाल, पवन गंगवाल, बाबूलाल पहाड़िया, विकास पहाड़िया, नरेंद्र झंडा, तथा अविनाश पहाड़ियासहित सभी श्रावक श्राविकाएं मौजूद थे।

बूथ अध्यक्षों से जनसंपर्क किया

बहरोड़/नीमराना, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ में जीत का संकल्प लेकर जागरूकता में बहरोड़ के बूथ संख्या 75 भगवाड़ी कलां, 76 खुर्भगवाड़ी खुर्द, 77 कुरेली, 78 बालपुरा में जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति के चलते बूथ अध्यक्षों को कार्ड वितरित करते हुए 30 अप्रैल को आयोजित मन की बात के 100 वें एपिसोड को ऐतिहासिक बनाने के लिए जनसंपर्क किया। इस दौरान विधानसभा बहरोड़ के संयोजक बलवान सिंह यादव व मंडल अध्यक्ष संजय मीर एवं विस्तारक बाबूलाल शर्मा के द्वारा बूथ अध्यक्षों को कार्ड वितरित करने के साथ ही रणनीति बनाकर सभी कार्यकर्ताओं को 30 अप्रैल को पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रत्येक शक्ति शक्ति केंद्र पर प्रसारण करने की जानकारी देकर भगवाड़ी कलां, भगवाड़ी खुर्द, कुरेली एवं बालपुरा में कार्ड वितरित किए गए।

ए.एस.आई. चौधरी सम्मानित

पावटा, (निसं)। राजस्थान पुलिस दिवस पर सीकर में रेंज स्तरीय कार्यक्रम में प्रागपुरा थाना एएसआई जयराम चौधरी को महतत्वपूर्ण व सराहनीय कार्यों को लेकर डीजीपी डिस्क अवार्ड व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रागपुरा थाना एएसआई जयराम चौधरी द्वारा थाना इलाका प्रागपुरा, जयपुर ग्रामीण व सीकर में एटीएम वारदातों का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ने, राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर वाहनों को चिंहित कर उन्हें हाई जैक कर सुनसान एरिये में ले जाकर लूटपाट करने वाली गैंग व शेरू खां मेवात हरियाणा गैंग को पकडवाने, जयपुर ग्रामीण, अलवर की करीब 13 वारदातों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने और सराहनीय कार्य के चलते राजस्थान पुलिस दिवस पर सीकर में रेंज स्तरीय कार्यक्रम में डीजीपी डिस्क अवार्ड से समानित किया गया।

विश्व विरासत दिवस पर प्रदर्शनी लगाई

टोंक, (निसं)। विश्व विरासत दिवस के अवसर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान में हमारी विरासत को दर्शाते हुए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन हाजी मुहम्मद हुसैन एंव दूलीचंद द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में नम्दा आर्ट के नमूने, रियासत कालीन मीलाद शरीफ की इमारत व महत्वपूर्ण रियासतकालीन दुर्लभ ऐतिहासिक इमारतों के चित्रों की प्रदर्शनी व चहार बैत कलाकारों द्वारा प्रदर्शन, टोंक के मुशायरे, शाम-ए-गजल, कव्वाली व हिन्दी, अरबी व फारसी के कैलीग्राफी नमूनों को प्रदर्शित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. सैयद सादिक अली ने इस प्रदर्शनी की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि भारत में ऐसे विरासत स्थलों की कुल संख्या 40 है, जिनमें से 32 स्थल सांस्कृतिक, 7 स्थल प्राकृतिक व 1 स्थल मिश्रित श्रेणी से हैं ।

जैन मुनि का ससंघ मंगल प्रवेश

बोराज, (निसं)। आचार्य जैन मुनि विवेक सागर महाराज ने मंगलवार को सायंकाल ससंघ बोराज में मंगल प्रवेश किया। जैन मुनि के साथ मुनि वैराग्य सागर, मुनि अर्चित सागर, एलक विप्रमान सागर, ब्रह्मचारिणी सरिता दीदी, ब्रह्मचारिणी अर्चना दीदी, ब्रह्मचार्य राजीव भैया का सकल दिगंबर जैन समाज के लोगों ने कस्बे की सीमा पर जाकर बैंड बाजे के साथ अगवानी की एवं मुनिसंघ को पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर लाया गया ।मंदिर में चौबीस तीर्थंकरों के दर्शनों के बाद ससंघ मुनि जैन धर्मशाला पहुंचे जहाँ जैन बंधुओं ने आचार्य मुनि की आरती की एवं आशीर्वचन लीये। इस अवसर पर पंकज जैन ,महावीर लुहाड़िया आदि मौजूद रहे।

